दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 88 | जयपुर, शुक्रवार 17 अप्रेल, 2026 | ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162

# प्रदेश में शांति कायम होने से निवेशक हो रहे आकर्षित, पूरे देश में राजस्थान पुलिस होगी सबसे अग्रणी: सीएम भजनलाल शर्मा

## राजस्थान पुलिस के 77 वे स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस अकादमी में परेड की सलामी, पुलिस वेलफेयर के लिए कई घोषणाएं भी की तथा राजस्थान पुलिस पेंशनर्स पोर्टल का लोकार्पण भी किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस के अवसर पर जयपुर में पुलिस अकादमी में पुलिस परेड की सलामी ली पिछले सवा दो साल में राजस्थान पुलिस की ओर से किए गए कार्यों की भरपूर प्रशंसा की और कहा कि राजस्थान पुलिस के प्रयासों से प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था कायम हुई है जिसकी वजह से देश और देश के इन्वेस्टर प्रदेश में निवेश के लिए धड़ाधड़ आ रहे हैं उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के जोश और अनुशासन को देखकर उन्हें विश्वास है कि आने वाले सालों में राजस्थान पुलिस पूरे देश भर की पुलिस में सबसे आगे नजर आएगी इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस वेलफेयर के लिए 5 करोड रुपए अतिरिक्त देने घोषणा की तथा 500 आवास बनाने की भी घोषणा की इस मौके पर भजनलाल शर्मा ने राजस्थान पुलिस पेंशनर्स पोर्टल का लोकार्पण किया और विशेष सेवा को राजकाप सिटीजन एप से भी जोड़ा जिसकी वजह से राजस्थान पुलिस के हजारों पेंशनर्स को अब घर बैठे डिजिटल तरीके से पेंशन की राशि मिल सकेगी और पेंशन संबंधी प्रक्रिया पेंशनर्स घर पर बैठे-बैठे ही कर सकेंगे।

### पुलिस खुद जगकर हमारी करती है रक्षा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि चाहे कड़ाके की ठंड हो भीषण गर्मी हो या फिर बाढ़ के हालात हो या फिर अन्य कोई




प्राकृतिक आपदा हो या फिर होली दिवाली कोई भी त्यौहार हो पुलिस हर समय हमारी रक्षा करती है उन्होंने कहा कि पुलिस खुद जाग कर हमारी रक्षा करती है मुख्यमंत्री शर्मा ने ड्यूटी के दौरान शहीद हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारी को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि पिछले सवा दो साल में पुलिस के प्रयासों से प्रदेश में शांति और कानून व्यवस्था कायम हुई जिसकी वजह से देश और विदेश के इन्वेस्टर यहां निवेश के लिए दिलचस्पी ले रहे हैं।

### परंपरागत तरीकों के साथ पुलिस को आधुनिक तरीकों को भी प्रभावित तरीके से अपनाना होगा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पुलिस को वर्तमान में अब परंपरागत तरीकों के साथ आधुनिक तरीकों को भी प्रभावी तरीके से अपनाना होगा ताकि साइबर अपराध के मामलों को अच्छी तरह से निपटा जा सके उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम राजस्थान के लिए नहीं बल्कि पूरे देश की पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है इसके लिए जनता का सहयोग और जन जागृति होना भी बहुत जरूरी है इसके लिए लोगों को पुलिस के साथ अच्छा तालमेल और सामंजस्य बनाने की जरूरत है उन्होंने कहा कि अगर पुलिस और जनता के बीच में अच्छा संबंध होंगे तो निश्चित रूप से अपराधों में तेजी से गिरावट आएगी और अगर पुलिस और जनता के बीच खाई गहरी रहती है तो फिर अपराधों पर अंकुश लगाना काफी मुश्किल हो जाता है उन्होंने कहा कि आजकल साइबर क्राइम की घटनाओं को देखते हुए पुलिस और जनता के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत है दोनों को एक दूसरे का सहयोग करने की जरूरत है।



## प्रदेश में अपराधों में जबरदस्त गिरावट आई

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि राजस्थान पुलिस के प्रभावी कार्यों से प्रदेश में आपराधिक गतिविधियों में जबरदस्त गिरावट आई है इसके लिए उन्होंने पुलिस को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रदेश में 18.77 प्रतिशत अपराधों में गिरावट आई है हत्या के मामलों में 26 प्रतिशत डकैती के मामले में 48 प्रतिशत लूट के मामले में 51 प्रतिशत और महिला अत्याचार के मामलों में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार ने एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया जिसके अच्छे परिणाम सामने आए कई बड़े गैंगस्टर और उनके सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा है यहां



तक की विदेश में बैठे गैंगस्टरों को भी पुलिस पड़कर यहां लाई है जो अपने आप में पुलिस का एक बड़ा काम कहा जा सकता है इसी तरह से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले बड़े-बड़े गिरोह के खिलाफ पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई की और लगातार पुलिस की ओर से गिरफ्तारियां की जा रही है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पेपर लीक के मामलों में हमारी सरकार ने पुलिस की स्पेशल टीम का गठन किया जिसके फल स्वरुप बड़ी संख्या में पेपर लीक करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी की गई बड़े-बड़े लोगों की गिरफ्तारी की गई यह पुलिस की प्रभावी जांच और कार्रवाई का ही नतीजा है कि हमारी सरकार के कार्यकाल में बड़ी संख्या में सरकारी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ लेकिन एक भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ यह राजस्थान पुलिस की अच्छी सफलता मानी जा सकती है

### पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और कई सीनियर आईपीएस अधिकारी रहे मौजूद, प्रदेश के कई अन्य जिलों में भी पुलिस ने विशेष समारोह आयोजित किया

राजस्थान पुलिस की स्थापना दिवस के अवसर परजयपुर में पुलिस अकादमी में आयोजित किए गए कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा और कई अन्य सीनियर आईपीएस अधिकारियों ने समारोह स्थल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शानदार वेलकम किया इसके लिए पुलिस के मोटरसाइकिल सवार जवानों और घुड़सवार जवानों के साथ मुख्यमंत्री शर्मा समारोह स्थल पर पहुंचे और फिर पुलिस की विशेष टुकड़ी की ओर से मुख्यमंत्री शर्मा को सलामी दी गई राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस के अवसर पर कोटा रेंज आईजी राजेंद्र प्रसाद और कोटा शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम की अगवाई में राजस्थान पुलिस की स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसी तरह से करौली उदयपुर सिरोही झालावाड़ बांसवाड़ा डूंगरपुर दोसा सवाई माधोपुर अलवर भरतपुर अन्य सभी जिलों में पुलिस के स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और पुलिस में उल्लेखनीय काम करने वाले पुलिस कर्मियों अधिकारियों को सम्मानित भी किया गया जयपुर में आयोजित समारोह में पुलिस के साथ अच्छा सहयोग करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया गया जिसमें सिरोही के प्रकाश प्रजापति झालावाड़ के सुरजीत और उदयपुर की विनोजीत को पुलिस का अच्छा सहयोग करने के लिए सम्मानित किया गया।

# भजनलाल शर्मा आज और कल पश्चिम बंगाल में करेंगे धांसू प्रचार, अलग-अलग जगह पर रोड शो और जनसभाओं को करेंगे संबोधित

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमितशाह के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी पश्चिम बंगाल में पार्टी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए चुनाव प्रचार के लिए उतरे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में पिछले सवा दो साल में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों को लेकर प्रदेश की भजनलाल सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोनों पूरे देश में चर्चा में हैं भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली दरबार से जुड़े सभी बड़े नेता भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लोकप्रियता से अच्छी तरह से वाकिफ हैं इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा को विभिन्न राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में पार्टी का स्टार प्रचारक भी नियुक्त किया है इसीलिए मुख्यमंत्री शर्मा आज और कल पश्चिम बंगाल में पार्टी के उम्मीदवारों की जीत को सुनिश्चित करने के लिए जबरदस्त तरीके से चुनाव प्रचार करने जा रहे हैं चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री शर्मा कई लोगों पर रोड शो का आयोजन करके जनसभाओं को संबोधित भी करेंगे इसके अलावा मारवाड़ी समाज के लोगों से संवाद करके पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जड़ों को मजबूत करने के लिए प्रवासी राजस्थानियों को प्रेरित भी करेंगे जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज सुबह दिल्ली से पश्चिम बंगाल में बागडोगरा पहुंचेंगे जहां सिलीगुड़ी में सिद्धिविनायक हाल में मारवाड़ी लोगों से संवाद करेंगे तथा सिलीगुड़ी में ट्री ट्रेडर्स एसोसिएशन के साथ चाय पर संवाद करेंगे और



लघु भारतीय संगठन से जुड़े लोगों के साथ चर्चा करेंगे इसके बाद आज शाम को जोरासाकी और भवानीपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे आज रात्रि विश्राम कोलकाता में ताज होटल में करेंगे फिर कल सुबह कालीघाट मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे फिर हिंदुस्तान क्लब में संवाद करने के बाद कला मंदिर में मारवाड़ी प्रवासी सम्मेलन को संबोधित करेंगे इसके बाद आज शाम को मुख्यमंत्री शर्मा दक्षिणेश्वर कालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे और फिर रंगीली माल और राघव प्लाजा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे इसके बाद कल रात्रि को विमान से दिल्ली जाएंगे और दिल्ली से फिर वापस जयपुर लौट आएंगे इस तरह से मुख्यमंत्री शर्मा का 17 और 18 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार का प्रभावी कार्यक्रम तैयार किया गया है जानकार लोगों का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी इस बार पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर काफी सक्रिय है यहां पर पिछले कुछ सालों में भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी के संगठन को मजबूती देने के अलावा केंद्र की मोदी सरकार के विकास कार्यों का हवाला देकर पश्चिम बंगाल में विकास के एक नए युग की शुरुआत करने का हवाला देकर भाजपा पश्चिम बंगाल में खुद को मजबूत करने का प्रयास कर रही है अब यह तो आने वाला समय बताया कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी कितनी कामयाब हो पाती है लेकिन पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह और केंद्र सरकार के कई मंत्रियों के अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन भी जबरदस्त तरीके से चुनाव प्रचार कर रहे हैं इसके अलावा पार्टी के उन सभी मुख्यमंत्री को जिन्होंने अपने-अपने राज्यों में शानदार काम किया है उन सबको पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी टॉप पर हैं क्योंकि भजन लाल शर्मा ने पिछले सवा दो साल में राजस्थान में जो कार्य करके दिखाया उन कार्यों की गूंज पूरे देश में हो रही है इसीलिए पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री शर्मा को चुनाव प्रचार की बड़ी जिम्मेदारी दी गई।

# नितिन नबीन ने ली राज्यसभा सदस्य की शपथ, भजन लाल, दिया कुमारी और राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सहित कई नेताओं ने शुभकामनाएं दी

**जयपुर(का.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने गुरुवार को अन्य नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ राज्यसभा की सदस्यता की शपथ ली। राज्यसभा के सभापति (उप राष्ट्रपति) सी.पी. राधाकृष्णन ने नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। नितिन नबीन ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण कर नई जिम्मेदारी और दायित्व संभाला। नितिन नवीन के राज्यसभा की सदस्यता ग्रहण करने पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी , प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सहित पार्टी के कई नेताओं ने उन्हें उनके अच्छे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है , इस अवसर पर




राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि नितिन नबीन राज्यसभा में देश और समाज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे और जनहित में सकारात्मक योगदान देंगे। राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि नितिन नबीन का लंबा संगठनात्मक क्षमता, अनुभव और जनसेवा के प्रति समर्पण उन्हें संसद में प्रभावशाली और सक्रिय भूमिका निभाने में सक्षम बनाएगा। यह अवसर उनके समर्थकों और क्षेत्र के लिए भी गर्व का विषय है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने उनके सफल एवं प्रभावी संसदीय कार्यकाल की कामना की। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में नितिन नबीन संसदीय लोकतंत्र के उच्च सदन से राष्ट्र निर्माण के संकल्पों को नई गति प्रदान करेंगे। उच्च सदन की गरिमा को और समृद्ध करते हुए नितिन नबीन का कार्यकाल देश की प्रगति एवंजन-कल्याणकारी नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में मोदी ने कहा : जो बिल का विरोध करेगा उसे लंबे समय तक कीमत चुकानी होगी

**जयपुर** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को महिला आरक्षण बिल पर लोकसभा में चर्चा के दौरान कहा कि पूरे देश की मातृशक्ति इस महत्वपूर्ण बिल के निर्णय की तरफ तो देख ही रही है इसके अलावा इससे ज्यादा हम सब की नियत को भी देख रही है उन्होंने कहा कि जो भी इस बिल का विरोध करेगा उसे लंबे समय तक कीमत चुकानी पड़ जाएगी उन्होंने कहा कि अब यह मौका है कि यहां पर महिलाओं को ज्यादा आने दे और उन्हें निर्णय लेने दे क्योंकि महिलाओं में अपार निर्णय लेने की क्षमता है और आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों की तरह आगे बढ़ रही हैं कई क्षेत्रों में तो महिलाएं पुरुषों से भी आगे निकल गई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2023 में जब इस बिल को लेकर आए थे उस समय सभी लोग सहमत थे और जल्दी से जल्दी लाने की बात भी कह रहे थे लेकिन 2024 के चुनाव को देखते हुए हमारे पास इतना समय नहीं था।

CAMBRIDGE SR. SEC. SCHOOL

Admission Open 2026-27




प्रवेश सत्र 2026-27 से

विद्यालय परिवार की तरफ से विशेष योजना का शुभारंभ

25 प्रतिशत निःशुल्क (RTE) के अलावा 25 प्रतिशत और अतिरिक्त आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को ट्यूशन फीस फ्री करने का लिया निर्णय

C-586,587, 588, 589, 4C SCHEME
NEW LOHA MANDI ROAD, JAIPUR
7230022801, 9983322224

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार 17 अप्रैल, 2026


## एन ई बी हाउसिंग बोर्ड के एक मकान में लगी आग टी वी, कूलर सहित घर का सामान हुआ राख



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के एनईबी थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से टीवी, कूलर सहित कमरे में रखा घर का सामान जलकर राख हो गया, हालांकि, दमकल टीम ने समय रहते मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार एनईबी हाउसिंग बोर्ड निवासी राजेश सोनी के मकान में रह रहे एक किराएदार के कमरे में टीवी लगा था। दोपहर करीब 12 बजे अचानक टीवी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग तेजी से फैली और टीवी के आसपास रखा घर का सामान जल कर राख हो गया। कमरे में खेल रहे तीन छोटे बच्चों को मुश्किल से आसपास के लोगों की मदद से बचाया गया।

## 16वीं जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से होगा प्रारम्भ

### मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना होगी 1 मई से 14 जून तक, स्व-गणना पोर्टल 15 मई तक रहेगा खुला

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राज्य में 16वीं जनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 मई से 14 जून तक आयोजित होगा तथा स्व-गणना पोर्टल 15 मई तक खुला रहेगा। जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर ने बताया कि जनगणना देश के विकास की रूपरेखा तैयार करने वाली एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में 16वीं जनगणना का प्रथम प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि राज्य में जनगणना 2027 का प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 मई 2026 से 14 जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया पहल के तहत नागरिकों को 'स्वगणना' (Self-Enumeration) की विशेष सुविधा प्रदान की है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना के लिए वेब पोर्टल (https//se.census.gov.in) 1 मई 2026 से 15 मई तक 2026 तक खुला रहेगा। स्व-गणना पूर्ण करने पर आपको एक पहचान संख्या (SE ID) प्राप्त होगी, जिससे स्वगणनापूर्ण होगी। इसके पश्चात 16 मई से 14 जून तक गणनाकर्मी घर-घर जाकर मकानों से जुडी जानकारी एकत्र करेंगे। जब प्रगणक आपके घर आये तो उनके साथ अपनी पहचान संख्या (SE ID) उनके साथ साझा करनी होगी। इस प्रक्रिया के तहत सही व सटीक जानकारी उपलब्ध करवानी होगी एवं इसके अंतर्गत जुटाई गई समस्त जानकारी जगणना अधिनियम 1948 के तहत पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि इस आधुनिक और सर प्रक्रिया को अपनाने में अपनी एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में इस राष्ट्रीय कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। नागरिकों के द्वारा दी गई सटीक जानकारी ही भविष्य की योजनाओं, बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास सुविधाओं का आधार बनेगी। आइए तकनीक का लाभ उठाएं और जनगणना 2027 को सफल बनाने में अपना योगदान देवें।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित 183 फरियादियों ने दी परिवेदनाएं

# जिला कलक्टर ने परिवेदनाओं के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के अधिकारियों को दिए निर्देश

### जनसुनवाई में फरियादी निकिता मीणा की अनुकम्पा नियुक्ति की खुली राह, मौके पर ही हुआ परिवेदना का निराकरण



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई, जिसमें 183 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रो-एक्टिव एवं संवेदनशील रहकर जनसुनवाई व सम्पर्क पोर्टल के माध्यम से आने वाली परिवेदनाओं का सर्वोच्च प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों में रैण्डमली 5 परिवादियों से दूरभाष पर वार्ता कर उनकी समस्याओं के समाधान के संबंध में फीडबैक लेवे। उन्होंने कहा कि अपने कार्यालय में आने वाले परिवादियों की परिवेदनाओं के समाधान हेतु नियमित जनसुनवाई करें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से परिवेदनाओं के संदर्भ में तथ्यात्मक स्थिति का फीडबैक लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 183 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व, नगर निगम, यूआईटी, विद्युत, जलदाय, पुलिस आदि विभागों की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। जनसुनवाई में अलवर शहर की विश्वकर्मा कॉलोनी (तिजारा फाटक) में सुचारू पेयजल आपूर्ति, हरदेव विहार वार्ड नं. 58 में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरूस्त कराने, देहली दरवाजे के बाहर वार्ड नं. 11 में जलदाय विभाग द्वारा पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सडक को दुरूस्त कराने सहित ख्वास जी का बाग राजगढ के वार्ड नं. 1 में सुचारू जलापूर्ति कराने के संबंध में परिवेदनाएं प्रस्तुत करने पर उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि फरियादियों की पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के साथ जिले में पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करावे तथा पाइप लाइन डालने हेतु खोदी गई सडकों को यथाशीघ्र दुरूस्त करावे।

### जनसुनवाई में निकिता मीणा की अनुकम्पा नियुक्ति की खुली राह, मौके पर ही हुआ परिवेदना का निराकरण

जिला स्तरीय जनसुनवाई में फरियादी निकिता मीणा ने जिला कलक्टर के समक्ष उसकी माता मुकेश कुमारी मीणा की मृत्यु के पश्चात सेवा समाप्ति के आदेश जारी ना होने के कारण अनुकम्पा नियुक्ति में आ रही बाधा के संबंध में अपनी परिवेदना प्रस्तुत की। जिस पर जिला कलक्टर ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को फरियादी की परिवेदना पर निर्देश दिये कि आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर तत्काल रूप से मृतक कार्मिक की सेवा समाप्ति के आदेश जारी कराए जाए, जिससे आश्रित फरियादी की अनुकम्पा में आ रही बाधा दूर हो सके। शिक्षा विभाग द्वारा तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक कार्मिक के सेवा समाप्ति के आदेश जारी किए गए, जिससे फरियादी की अनुकम्पा नियुक्ति में आ रही बाधा का मौके पर ही समाधान संभव हुआ। मौके पर ही परिवेदना का निस्तारण होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जनसुनवाई में मेरी अनुकम्पा नियुक्ति की राह खुली है। इसके लिए फरियादी ने जिला कलक्टर की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान एडीएम प्रथम बीना महावर, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, प्रशिक्षु आईएएस ऐश्वर्यम प्रजापति, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रियंका, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, डीएसओ विनोद जुनेजा, पीएमओ डॉ प्रवीण शर्मा, जलदाय विभाग एक्स ई एन संजय सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से सभी उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी जुडे।

## नालसा स्कीम-2024 'पोस्को एक्ट संबंधित शिविर

### पी एल वी महलावत ने दी पोक्सो एक्ट की जानकारी, बालिकाओं को किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अनंत भंडारी के मार्गदर्शन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलवर (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) मोहन लाल सोनी के आदेशानुसार गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी विद्यालय गुजुकी उमरैण ब्लॉक में गुरुवार को नालसा स्कीम-2024 'पोस्को एक्ट के सम्बन्ध में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में पीएलवी रेखा महलावत द्वारा उपस्थित लाभार्थियों नालसा ( बच्चों के लिए बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं ) योजना (N 1) 2024 के तहत बच्चों के अधिकारों के विषय में, पॉक्सो एक्ट के विषय में बालिकाओं को जागरूक किया। वहीं यौन सम्बन्धित अपराध, लैंगिक अपराध जैसे बलात्कार या बलात्कार का प्रयास, किसी के अश्लील फोटो विडियोज बनाना और उनके गलत प्रयोग कर ब्लैकमेल करना, इन अपराधों के प्रति जागरूक कर बताया कि ऐसे अपराधों को रोकने के लिए पॉक्सो एक्ट 2012 बनाया गया है। उन्होंने इस अवसर पर नशा मुक्ति के संबंध में भी जागरूक किया तथा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए इससे दूर रहने का संदेश दिया गया। साथ ही साइबर अपराध के बढ़ते खतरे के प्रति सचेत करते हुए बताया गया कि अपनी ऑनलाइन सुरक्षा के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें, अनजान ई-मेल एवं लिंक से सावधान रहें तथा किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। पीएलवी रेखा महलावत द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 15100 (विधिक सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 1091 (महिला हेल्पलाइन) एवं 1930 (साइबर क्राइम) के बारे में अवगत कराया गया। शिविर में कुल 51लाभार्थी उपस्थित रहे। साथ में विद्यालय स्टाफ में वाइस प्रिंसिपल कंचन भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के दौरान बच्चियों को गुड टच बेड टच की भी जानकारी दी।जिससे बच्चियां इसके प्रति भी चौकन्नी रहे। इस सेशन से बालिकाओं में आत्मसुरक्षा के प्रति जो घबराहट चिंताएं उनके मन में थी, वो कम हुई और बच्चियों ने हेल्पलाइन नंबर लिखे और ऐसे सेशन समय समय पर कराने के लिए आग्रह किया।

## अलवर में 'नारी शक्ति वंदन पदयात्रा' का भव्य आयोजन, महिलाओं के सम्मान में उमड़ा जनसमर्थन




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन और प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से शुक्रवार को अलवर शहर में नारी शक्ति वंदन पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों तथा भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा का शुभारंभ स्थानीय शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पुष्प वर्षा करते हुए देशभक्ति के नारों से वातावरण को जोशीला बना दिया। इसके बाद पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई भगत सिंह चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान नारी शक्ति के सम्मान और देश के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पारित होना लोकतांत्रिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिससे नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने इसे महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि इससे हर क्षेत्र में महिलाओं का नेतृत्व सुदृढ़ होगा। वहीं पूर्व विधायक जयराम जाटव ने कहा कि यह अधिनियम केवल आरक्षण नहीं, बल्कि लोकतंत्र में महिलाओं की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने का माध्यम है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हुकुम फागना, कोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, मंत्री शीला जांगिड़, प्रवक्ता मुन्नालाल शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, कार्यालय मंत्री मनोज चौहान, आईटी संयोजक जय सिंह यादव, सहसंयोजक अजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश निहलवानी सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

## दस बेटियों का सर्व समाज ने किया कन्यादान



### रोटरी कलब अलवर की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल को मिला सेवा रत्न सम्मान-26

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से रिवाज रिसोर्टस में गुरुवार को दस बेटियों का सामूहिक कन्यादान किया गया। शहर की बहुत सी संस्थाओं ने बेटियों के चरण धोकर उनका कन्यादान किया। कार्यक्रम में अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, गौड ब्राहमण समाज के अध्यक्ष मनोज शर्मा, पुरुषार्थी समिति के अध्यक्ष कुलदीप कालरा, पुरुषार्थी धर्मशाला समिति के अध्यक्ष प्रेम गांधी, समाज सेवी जय शिव गुप्ता तथा समाजसेवी अमित छाबड़ा, संरक्षक दौलत राम हजरती, रोशनी ट्रस्ट से रजनी गुप्ता, हनुमान जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजकुमार गोयल, व्यापार महासंघ के महासचिव राकेश शर्मा, महावर महिला मंच की अध्यक्ष कुमकुम महावर तथा समाजसेवी भगवान दास अग्रवाल, सुरेश हुंडी वाले ने कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन करके की। मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नेक कमाई अब तक 348 कन्यादान कर चुका है जिसमें बेटियों का सम्मान पूर्वक उनको शादी का पूरा सामान दिया जाता है। इसके साथ ही नेक कमाई जरूरतमंद बच्चों और महिलाओं के लिए बहुत से सेवा कार्य चला रहा है। इस अवसर पर कालिका पुलिस पेट्रोलिंग यूनिट 4 की कांस्टेबल कविता और मकोल ने महिलाओं को उपयोगी जानकारी दी। मंच संचालन रेखा महलावत ने किया। अतिथियों का स्वागत परमजीत सिंह गोगिया, गुरप्रीत सिंह, सुनीता शर्मा, अर्चना आमेरिया, संगीता सिंह, पायल प्रधान, ज्योति, मुस्कान, प्रतिभा सिंह, गंगा वाधवा, बाबी नरूला, रेखा कर्दम, रवि गर्ग और अश्वनी गुप्ता ने किया।

### बबीता खंडेलवाल को मिला सेवा रत्न 26

कार्यक्रम में रोटरी कलब अलवर की अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल को उनके नेतृत्व में किए गए सराहनीय सेवा कार्यों को देखते हुए उन्हें सेवा रत्न-26 सम्मान प्रदान किया गया। नेक कमाई की ओर से सुनीता शर्मा ने सम्मान पत्र का वाचन किया। इस अवसर पर महिलाओं ने गीत गाए और नृत्य किया। दुल्हन बनी बेटियों ने डांस कर अपनी खुशी का इजहार किया।

## जिला कलक्टर के निर्देशों पर 9 स्थानों पर छापेमारी, 92 गैस सिलेंडर जब्त, 2 एफआईआर दर्ज




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर अतुल प्रकाश के निर्देश पर जिले में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए जिला रसद विभाग एवं प्रवर्तन निरीक्षक दल द्वारा व्यापक अभियान चलाया गया। इस दौरान 9 विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर कुल 92 अवैध घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए तथा 2 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि भिवाड़ी के सांथलका क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन को जब्त किया गया, जिसमें 46 अवैध घरेलू गैस सिलेंडर पाए गए। इस मामले में हरकेश कुमार के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत एफआईआर दर्ज करवाई गई। वहीं मुकदम चौक भिवाड़ी में एक किराए के मकान से पंकज कुमार द्वारा अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का व्यापार करते हुए 15 सिलेंडर जब्त किए गए और उसके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई।

इसके अतिरिक्त खैरथल-तिजारा जिले के मातोर (मुण्डावर) क्षेत्र में घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई करते हुए दो दुकानों से 2 सिलेंडर जब्त किए गए। सांथलका क्षेत्र में अवैध रिफिलिंग की सूचना पर अलग-अलग टीमों ने कार्रवाई करते हुए विभिन्न दुकानों से कुल 31 सिलेंडर जब्त किए। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए सभी 92 सिलेंडरों के संबंध में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 6(ए) के तहत कुल 9 प्रकरण बनाकर जिला कलक्टर न्यायालय, खैरथल-तिजारा में इस्तगासा प्रस्तुत किया गया है।

उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप आमजन की सुरक्षा एवं पारदर्शी वितरण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## अखिल राजस्थान लेबोरेटरी टेक्नीशियन कर्मचारी संघ ने मनाया 'लैब टेक्नीशियन दिवस'

### जकारिया जेनसन को दी श्रद्धांजलि, मरीजों को उत्कृष्ट सेवा देने का लिया संकल्प






जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अखिल राजस्थान लेबोरेटरी टेक्नीशियन कर्मचारी संघ, अलवर द्वारा जिला मुख्यालय पर 'लैब टेक्नीशियन दिवस' गरिमापूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर सामान्य चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सा क्षेत्र की 'अदृश्य शक्ति' कहे जाने वाले लैब टेक्नीशियनों के योगदान को रेखांकित किया गया।

### महापुरुष को नमन एवं कार्यक्रम का शुभारंभ

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पीएमओ अलवर डॉ. प्रवीण शर्मा एवं डिप्टी कंट्रोलर डॉ. विजय सिंह द्वारा कंपाउंड माइक्रोस्कोप के जन्मदाता जकारिया जेनसन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपस्थित सभी लैब टेक्नीशियनों ने विज्ञान जगत के इस महान व्यक्तित्व को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर डॉ. मोनिका जैन (पैथोलॉजिस्ट) एवं डॉ. नीरज जैन (माइक्रोबायोलॉजिस्ट) भी उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वास्थ्य सेवाओं में लैब टेक्नीशियनों की भूमिका को 'मजबूत रीढ़' बताते हुए उनके समर्पण की सराहना की। पीएमओ डॉ. प्रवीण शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले के समस्त लैब टेक्नीशियन साथी एकत्रित हुए। कार्यक्रम के दौरानः लैबोरेट्रीज में जांच की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। मरीजों को प्रदान की जाने वाली नई सुविधाओं और तकनीक को लेकर पीएमओ के साथ विस्तृत चर्चा की गई। सभी साथियों ने एक स्वर में मरीजों को सटीक और उत्कृष्ट जांच रिपोर्ट देने के अपने संकल्प को दोहराया। संघ के जिलाध्यक्ष मयंक शर्मा ने उपस्थित साथियों को संबोधित करते हुए कहा, 'एक डॉक्टर का निदान हमारी रिपोर्ट से शुरू होता है और मरीज की मुस्कान हमारी सटीकता पर टिकी होती है। सफेद कोट और हाथों में मानवता की सेवा का संकल्प ही हमारी असली पहचान है। हमें अपने प्रोफेशन पर गर्व है। ' कार्यक्रम के अंत में संगठन की एकजुटता और कर्मचारी एकता के नारों के साथ सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में सेंट्रल लैब ,जनाना लैब, ब्लड बैंक, माइक्रोबायोलॉजी व टीबी हॉस्पिटल के समस्त लेब टेक्निशियन ने भाग लिया।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में 55 प्रकरणों की सुनवाई, अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

### आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के निर्देश–जिला कलेक्टर



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत तीसरे गुरूवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई जिला कलक्टर अतुल प्रकाश की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन की परिवेदनाओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को इनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 55 प्रकरण सुन अधिकारियों को जल्द निस्तारण के निर्देश।

जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 55 प्रकरण प्राप्त हुए। जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने, पेयजल की सप्लाई सुचारु कराने, पानी को बहाव को रोकने हेतु नाका बनवाने, फर्जी पट्टा जारी करने, पीएम आवास योजना के तहत बने मकान की जिओ टैगिंग कर नरेगा भुगतान करवाने, इंतकाल खुलवाने, भूमि अवाप्त का मुआवजा दिलाने, खेत से रास्ता खुलवाने, सड़क, आवासीय पट्टा बनवाने, नामांतरण, पथरगढ़ी, शमशान से अतिक्रमण हटाने, जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने पानी की समस्या के परिवादों पर अधीक्षण अभियंता पीएचईडी को परिवादी के क्षेत्र बंबोरा में जाकर वास्तविक स्थिति की जानकारी लेकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। पीएम सम्मान निधि योजना एवं पेंशन योजना के लाभार्थियों को मौके पर उनका वेरिफिकेशन करवा कर योजना का लाभ दिलाया। जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन के प्रति पूर्ण जवाबदेही रखते हुए प्रत्येक समस्या का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, ताकि परिवादियों को वास्तविक राहत मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यवाही केवल कागज़ों तक सीमित न रहकर धरातल पर प्रभावी रूप से दिखाई देनी चाहिए। साथ ही आगामी साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निस्तारित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिकारियों द्वारा किए गए निस्तारण की गुणवत्ता कैसी रही तथा परिवादी के कार्य का वास्तविक रूप से समाधान हुआ है या नहीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की भावना के अनुरूप आमजन को अधिक से अधिक राहत देने के लिये सभी विभाग-अधिकारी मिलकर काम करें ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन लाभान्वित हो सके। जनसुनवाई के दौरान विधायक किशनगढ़बास दीपचंद खैरिया, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट, उप पुलिस अधीक्षक लालचंद, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक रमेश दहमीवाल , सीएमएचओ डॉ अरविंद गेट सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं वीसी के माध्यम से उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## यात्रियों की सुविधा हेतु जयपुर-खड़की एकतरफा सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा का संचालन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियो की सुविधा हेतु जयपुर-खड़की एकतरफा सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा (1 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 09703, जयपुर-खड़की एकतरफा सुपरफास्ट स्पेशल रेलसेवा (1 ट्रिप) दिनांक 17.4.26 शुक्रवार को जयपुर से 11.00 बजे रवाना होकर अगले दिन 10.00 बजे खड़की पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में दुर्गापुरा, वनस्थली निवाई, सवाईमाधोपुर, कोटा, रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा, रतलाम ,वडोदरा, सूरत ,वसई रोड़, कल्याण, लोनावला एवं पुणे स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 15 द्वितीय शयनयान, 3 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बो सहित कुल 20 डिब्बे होगे।

## प्रेम प्रसंग के चलते डॉक्टर के सरकारी आवास पर एएनएम ने फांसी लगाई, आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के उदयपुर में कानोड़ स्थित सरकारी अस्पताल में नियुक्त डॉक्टर के आवास पर एएनएम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन से जुड़ेलोगों, चिकित्सकों नर्सिंग कर्मियों इत्यादि सभी में खलबली मच गई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर भी पहुंची है और पुलिस ने इस मामले में आरोपी डॉक्टर सुरेंद्र को अरेस्ट भी किया है जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए डॉक्टर सुरेंद्र और सुसाइड करने वाली एएनएम अनीता के बीच कई दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था अनीता सुरेंद्र पर लगातार शादी करने का दबाव बना रही थी लेकिन पिछले दिसंबर माह में सुरेंद्र की शादी किसी अन्य महिला के साथ हो गई इसके बाद भी अनीता लगातार सुरेंद्र के संपर्क में थी और वह सुरेंद्र के सरकारी आवास पर ही पिछले चार दिन से रह भी रही थी बुधवार को उसने सुरेंद्र के सरकारी आवास पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली बाद में जब इस घटना का पता सुरेंद्र को लगा तो उसने अनीता के बॉडी को फंदे से नीचे उतार कर खुद फरार हो गया, सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इस पूरे मामले की छानबीन शुरू की तो पता चला कि यह पूरा मामला ही प्रेम प्रसंग का है इसके बाद पुलिस ने अनीता के परिजनों को भी सूचित किया और परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने फरार डॉक्टर सुरेंद्र को आखिरकार ढूंढ निकाला और उसे अरेस्ट किया ।

## गोविंदगढ़ में निर्माणधीन फैक्ट्री की छत ध्वस्त, 5 मजदूर घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिले के गोविंदगढ़ थाना इलाके में दोभलाई में रायसेन बाग में गुरुवार को एक निर्माणाधीन फैक्ट्री की छत अचानक ध्वस्त हो गई जिसकी वजह से मौके पर काम कर रहे पांच मजदूर मलवे के नीचे दब गए जिन्हें उपचार के लिए गोविंदगढ़ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है सभी मजदूरों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का दौरा किया तथा घटनास्थल से आवश्यक तथ्य और सबूत भी जुटे हैं तथा फैक्टरी प्रशासन से जुड़े लोगों के भी पुलिस बयान ले रही है पुलिस छत के ध्वस्त होने के कारण भी जानने का प्रयास कर रही है फैक्ट्री के निर्माण में प्रयुक्त की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की भी जांच पड़ताल की जा रही है फैक्ट्री के निर्माण कार्य में नियम और कानून का पालन किया गया या नहीं इस बात की भी जांच की जा रही है क्योंकि जिस तरह से यह छत अचानक गिरी है उससे पुलिस को संदेह है कि कहीं ना कहीं निर्माण सामग्री में निम्न क्वालिटी सामग्री का उपयोग किया जा रहा है फिलहाल घायल मजदूरों के परिजनों के बयान भी पुलिस लेने जा रही है

## रणथंबोर के फुलेरा रेंज के गांव में चीते का मूवमेंट, ग्रामीणों में दहशत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सवाई माधोपुर जिले में रणथंबोर के फुलेरा रेंज के ग्रामीण इलाकों में एक चीते का मूवमेंट बना हुआ है जिसकी वजह से आसपास के गांव में रहने वाले लोगों में दहशत बनी हुई है सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीमों की ओर से चीते की वस्तु स्थिति का पता लगाया जा रहा है तथा आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों को अलर्ट रहने को कहा गया है इसके अलावा पुलिस की टीम में भी लगातार चीते की निगरानी कर रही है फिलहाल खबर लिखे जाने तक चीते की वस्तु स्थिति के बारे में वन विभाग और पुलिस के पास कोई ठोस जानकारी नहीं थी लेकिन इलाके के विभिन्न गांव के लोगों ने चीते के मूवमेंट की बात साफ कही है और इस बाबत उन्होंने बाकायदा चीते का वीडियो भी बनाया हुआ है फुलेरा रेंज के ग्रामीण इलाकों में जो चिता दिखाई दिया है इस चीते के भी मध्य प्रदेश के कूनो अभयारण्य से निकलकर भटकते हुए प्रदेश की सीमा में आने की बात कही जा रही है इससे पहले भी इस तरह के मामले लगातार देखने को मिले हैं जब क्रोनो से भटककर यहां प्रदेश की सीमा में पहुंचे हैं।

## झोटवाड़ा में फ्लैट पर पुलिस का छापा : विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** झोटवाड़ा थाना इलाके में पुलिस ने एक फ्लैट पर छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर विदेश भेजने के नाम पर लोगों से लाखों रुपए ठगने वाले एक बड़े गिरोह को पकड़ा है मौके पर पुलिस ने फ्लैट से 40 पासपोर्ट, 26 मुहर और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं इसके अलावा मौके पर तीन डायरियां भी मिली है जिसमें लाखों रुपए के लेनदेन का विवरण भी लिखा हुआ है पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ खबर लिखे जाने तक जारी थी पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हिरासत में लिए गए युवकों ने पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में कई बड़े रोचक खुला से किए हैं जानकारी के अनुसार गिरोह के लोग बेरोजगार लोगों को विदेशों में अच्छे वेतन का झांसा देकर पासपोर्ट वीजा और अन्य कार्य के लिए बेरोजगारों से लाखों रुपए ले लिया करते थे लेकिन पैसे लेने के बाद ग्रुप से जुड़े लोग अपने वादे पर खरे नहीं उतर सके कई बेरोजगार लोगों ने इस तरह से ठगी के मामले पुलिस में दर्ज करवाई हुई थी पुलिस ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया और अपने स्तर पर ग्रहों की गतिविधियों दर्ज करवाई हुई थी पुलिस ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया और अपने स्तर पर ग्रुप की गतिविधियों पर नजर जमा रखी पुलिस ने आखिरकार झोटवाड़ा में उस फ्लैट पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जहां से ग्रुप से जुड़े लोग फर्जी दस्तावेज तैयार किया करते थे पुलिस हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ करिए पता लग रही है कि अब तक कितने लोगों से इन्होंने विदेश भेजने के नाम पर पैसे लिए, कितने लोगों को विदेश में वादे के मुताबिक काम दिलवाया तथा विदेश में कहाँ-कहाँ इनके संपर्क सूत्र हैं किन-किन कंपनियों से इनके संपर्क हैं इन सब के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है तथा इस बात की भी जांच पड़ताल की जा रही है कि प्रदेश में या फिर अन्य किसी स्टेट में भी इसी तरह से विदेश भेजने के नाम पर क्या लोगों से ठगी की है इन सब बड़े सवालों के पुलिस जवाब हासिल करने का प्रयास कर रही है ।

# हार के डर से निकाय चुनाव टाल रही सरकार, महिला आरक्षण तो कांग्रेस का ही ब्रेन चाइल्ड: टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की भाजपा सरकार और केंद्र की नीतियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने रिफाइनरी प्रोजेक्ट में जानबूझकर की गई देरी, महिला आरक्षण बिल के पीछे छिपे सियासी एजेंडे और प्रदेश में निकाय-पंचायत चुनाव टालने की लोकतांत्रिक मंशा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने रिफाइनरी प्रोजेक्ट की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रोजेक्ट का शिलान्यास यूपीए सरकार के कार्यकाल में सोनिया गांधी ने वर्ष 2013 में किया था उसे भाजपा ने अपनी संकीर्ण राजनीति की भेंट चढ़ा दिया। जूली ने कहा कि जो रिफाइनरी महज 37 हजार करोड़ रुपये में बनकर तैयार होनी थी, भाजपा सरकार द्वारा किए गए पांच साल के जानबूझकर विलंब के कारण आज उसकी लागत बढ़कर तकरीबन 80 हजार करोड़ रुपये पहुंच गई है। यह सीधे तौर पर जनता के



पैसे की बर्बादी है। यदि समय पर काम होता, तो आज प्रदेश के लाखों युवाओं के हाथ में रोजगार होता। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पर तंज करते हुए जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री जी पचपदरा जाकर केवल टेंट, कुर्सी और भीड़ जुटाने की व्यवस्था को ही अपनी जिम्मेदारी समझ रहे हैं लेकिन उन्हें यह भी जवाब देना चाहिए कि आखिर भाजपा ने इतने वर्षों तक इस रिफाइनरी को ठंडे बस्ते में क्यों डाले रखा? टेंट लगाने से विकास नहीं होता, विकास तब होता जब समय पर प्रोजेक्ट पूरा कर युवाओं को रोजगार दिया गया होता। महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस के रुख को स्पष्ट करते हुए जूली ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से महिला सशक्तीकरण की पक्षधर रही है और सबसे पहले हम ही यह बिल लेकर आए थे, लेकिन तब इन्हीं लोगों (भाजपा) ने सहयोग नहीं किया। उन्होंने वर्तमान बिल की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव के बीच में इस तरह का कदम उठाना केवल राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश है। उन्होंने मांग की कि इस विषय पर तत्काल सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि जब जनगणना और परिसीमन के बाद ही इसे लागू करना है, तो चलते चुनावों और आचार संहिता के बीच इसे लाने की इतनी हड़बड़ी क्यों? जूली ने साफ़ कहा कि महिला आरक्षण तो कांग्रेस का ही ब्रेन चाइल्ड है। भाजपा की नियत यदि वास्तव में नारी वंदन की है कि तो देश और राजस्थान में महिला सुरक्षा पर उसकी सरकारों को ध्यान चाहिए। राजस्थान में कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब दुष्कर्म या छेड़छाड़ या हत्या की खबरें नहीं आ रही हैं। उन पर ध्यान देना चाहिए भाजपा को । भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ द्वारा विधानसभा सीटें बढ़ाने और उनके स्वरूप (रिजर्व या महिला सीट) को लेकर दिए जा रहे बयानों पर जूली ने कड़ा पलटवार किया। उन्होंने पूछा कि जब अभी तक परिसीमन आयोग का गठन ही नहीं हुआ है, तो भाजपा नेताओं को यह दिव्य ज्ञान कहाँ से मिल रहा है कि कौन सी सीट रिजर्व होगी और कौन सी नहीं? उन्होंने आरोप लगाया कि पर्दे के पीछे बैठकर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो कि असंवैधानिक है। स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों में हो रही देरी पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं को पंगु बना रही है। जूली ने कहा कि भाजपा सरकार अच्छी तरह जानती है कि वह जनता के बीच अपना विश्वास पूरी तरह खो चुकी है। प्रदेश की जनता की नाराजगी और अपनी निश्चित पराजय के डर से घबराकर ही सरकार निकाय और पंचायत चुनाव कराने से भाग रही है। लोकतंत्र में जनता के पास जाने से डरना ही सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। जूली ने कहा कि उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद सरकार चुनाव कराने से भाग रही है, जिसके कारण आज जनता की समस्याओं को सुनने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बल्कि केवल प्रशासक बैठे हैं। उन्होंने भरतपुर उपचुनाव को जानबूझकर टाले जाने का उदाहरण देते हुए चेतावनी दी कि भाजपा सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग बंद करे, अन्यथा कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर सड़क से सदन तक इस तानाशाही का पुरजोर विरोध करेगी। शिक्षा मंत्री की सार्थक नाम की पहल पर प्रतिक्रिया देते हुए जूली ने कहा कि जिस प्रदेश में बड़ी संख्या में सरकारी विद्यालयों की जर्जर इमारतें मरम्मत मांग रही हैं, इस मुद्दे पर कोर्ट की फटकार पड़ रही है, नामांकन को लेकर और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है, ऐसे हालात में शिक्षा विभाग सार्थक नामों का अभियान चला रहा है। ऊपर से तुर्रा ये कि इनकी सार्थक नामों की लिस्ट में भजनलाल नाम शामिल नहीं है। जूली ने इस पर तंज करते हुए शिक्षा मंत्री से पूछा है कि कहीं इसमें कोई साजिश तो नहीं है।

## किरोड़ी मीणा के आवास के बाहर सैकड़ो कनिष्ठ तकनीकी सहायकों का धरना

### पंचायत राज विभाग से अलग करने पर नाराज हैं जीटीए

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पंचायत राज विभाग से अलग कर देने पर प्रदेश भर के बीबी जी रामजी योजना में काम कर रहे सैकड़ो कनिष्ठ तकनीकी सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर जयपुर में सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ी मीणा के आवास पर धरना दिया मीणा के आवास के सामने बड़ी संख्या में जीटीए खबर लिखे जाने तक मौजूद थे और उनका कहना था कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होगी तब तक उनका यह धारणा यहां जारी रहेगा हालांकि मौके पर डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने धरना दे रहे कनिष्ठ तकनीकी सहायकों से बातचीत भी की है और भरोसा भी दिलाया है कि उनकी मांगों को लेकर वे पंचायत राज मंत्री और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बातचीत करेंगे लेकिन धरना दे रहे कर्मचारियों का साफ कहना है कि जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाएगी तब तक वे यहां से नहीं जाने वाले इस बीच डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उन्होंने धरना दे रहे कनिष्ठ तकनीकी सहायकों की मांगों को लेकर मदन दिलावर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन दोनों से संपर्क नहीं हो पाया अब मुख्यमंत्री के सचिव अखिल अरोड़ा से बातचीत करके इनकी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे उन्होंने धरना दे रहे लोगों से भी आग्रह किया है कि यह उनका सरकारी बंगला नहीं है सरकार ने उन्हें जो बांग्ला आवंटित किया था वह बांग्ला उन्हें अभी नहीं मिला है यहां उन्होंने अपना अस्थाई आवास और दफ्तर बनाया हुआ है इसलिए यहां उनका धरना देना सार्थक नहीं है डॉ किरोड़ी मीणा के आवास के सामने धरने पर बैठे कनिष्ठ तकनीकी सहायकों का कहना है कि पूर्व में पंचायत राज विभाग की ओर से ही उन्हें पोस्टिंग दी गई थी सरकार ने पहले कनिष्ठ तकनीकी सहायक और जेईएन दोनों को एक समान पद माना था और दोनों की योग्यता, डिग्री सब कुछ सामान भी है लेकिन इस आदेश के बाद सरकार ने एक और आदेश जारी किया जिसमें कनिष्ठ तकनीकी सहायकों को पंचायत राज से अलग करने की घोषणा की इसी घोषणा की विरोध में उन्होंने यह प्रदर्शन और धरना दिया है उन्होंने कहा कि नए आदेश के तहत उन्हें ग्रामीण विकास से जोड़कर ही देखा जा रहा है और पंचायत राज विभाग से उन्हें अलग किया गया है जबकि उनकी नियुक्ति पंचायत राज विभाग की ओर से ही की गई थी इसलिए उनकी मांग है कि उन्हें पहले की तरह ही सर्विस करने का अवसर दिया जाए इसी बात को लेकर उनका यह आंदोलन शुरू हुआ है और जब तक सरकार उनकी मांग नहीं मानेगी तब तक उनका यह आंदोलन जारी रहेगा ।

## बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश के तगड़े एक्शन से गैंगस्टर, नशा तस्करों और हथियार तस्करों में हड़कंप मचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश के प्रभावी निर्देशन और मार्गदर्शन से रेंज में शामिल सभी जिलों में पिछले कुछ महीनो से अपराध जगत से जुड़े लोगों में हड़कंप सा मचा हुआ है क्योंकि ओम प्रकाश के तगड़े एक्शन से रेंज के सभी जिलों में अपराधियोंके खिलाफ पिछले डेढ़ महीने में जबरदस्त प्रभावी कार्रवाई देखने को मिली है जिसमें 400 से ज्यादा अपराधियों को अरेस्ट किया गया है इसमें करीब 30 से ज्यादा गैंगस्टर और इनामी बदमाश शामिल है इसके अलावा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े लोगों की भी बड़ी संख्या में गिरफ्तारी की है मादक पदार्थ तस्करों की कई सप्लायर गैंग का भी पर्दाफाश करके बड़ी संख्या में लोगों की गिरफ्तारी की गई है सीमा पार से हो रही अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े रेंज में रहने वाले स्थानीय लोगों के गिरवान तक भी पुलिस के हाथ पहुंचे हैं इस तरह से पिछले डेढ़ महीने में पुलिस ने करीब 37 किलो हीरोइन के अलावा भारी मात्रा में गांजा चरस इत्यादि मादक पदार्थ बरामद किए हैं इसके अलावा पिछले डेढ़ महीने में शराब तस्करी से जुड़े लोगों के खिलाफ भी पुलिस ने सभी जिलों में प्रभावी कार्रवाई की है जिसमें बड़ी संख्या में शराब से भारी वाहन भी जप्त किए गए हैं और शराब तस्करी में लिफ्ट लोगों की बरामद किए हैं इसके अलावा पिछले डेढ़ महीने में शराब तस्करी से जुड़े लोगों के खिलाफ भी पुलिस ने सभी जिलों में प्रभावी कार्रवाई की है जिसमें बड़ी संख्या में शराब से भारी वाहन भी जप्त किए गए हैं और शराब तस्करी में शामिल लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है इन तमाम प्रभावी कार्रवाई की वजह से रेंज में विभिन्न गैंगस्टर गैंग से जुड़े सदस्यों की भी बड़ी संख्या में गिरफ्तारी हुई है इसलिए अपराध जगत से जुड़े लोगों में पुलिस की प्रभावी कार्रवाई को लेकर इन दोनों घबराहट छाई हुई है जानकारी के अनुसार रेंज आईजी ओम प्रकाश ने रेंज में शामिल सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को साथ लेकर अपराधियों के खिलाफ एक विशेष योजना तैयार करके प्रभावी कार्रवाई शुरू करने का ठोस प्लान तैयार किया था इस प्लान पर सभी जिलों में पुलिस की ओर से सुनियोजित तरीके से कार्रवाई शुरू की गई जिसमें पुलिस को काफी अच्छी सफलता भी मिली है कई बड़े-बड़े गैंगस्टर को गिरफ्तार करने के अलावा कई सालों से फरार चल रहे मोस्ट वांटेड अपराधियों को भी दबोचा गया है इसके अलावा हथियार तस्करी और मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े बड़े-बड़े अपराधियों को पिछले डेढ़ महीने में पुलिस ने अरेस्ट किया है इस तरह से पुलिस ने एक तरफ जहां अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े बड़े लोगों की गिरफ्तारी की है तो दूसरी तरफ सीमा पार से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले तस्करों के स्थानीय संपर्क में रह रहे लोगों की भी गिरफ्तारी की गई है जो अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के धंधे को संचालित कर रहे थे इसी तरह से शराब और हथियार तस्करी ग्रुप से जुड़े लोगों की भी गिरफ्तारी की गई है जानकारी के अनुसार पुलिस ने पिछले डेढ़ महीने में शराब तस्करी के 580 मामले दर्ज किए थे जिसमें 540 लोगों की गिरफ्तारी की गई ।

## चांदी 1500 और सोना 400 रुपए महंगा, चांदी 259500 रुपए प्रति किलो में बेची गई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर सराफा बाजार में गुरुवार को सोने और चांदी की कीमत में बढ़ोतरी देखी गई गुरुवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी में 1500 और सोने में 400 रुपए की बढ़ोतरी हुई इस तरह से गुरुवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी 259500 रुपए प्रति किलो में बेची गई इसी तरह से शुद्ध सोना 157200 प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 147000 रुपए प्रति 10 ग्राम निर्धारित था द्य उल्लेखनीय है कि सोने और चांदी का कारोबार पहले की तरह चमक नहीं रहा है सोने और चांदी की कीमतों में पिछले कई महीनो से लगातार उथल-पुथल और उतार-चढ़ाव देखने को मिले जिसकी वजह से सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने वाले लोगों ने अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने में कम रुचि दिखा रहे हैं और यह लोग अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की बजाय जमीन जायदाद और रियल स्टेट के कारोबार में या फिर अन्य जगहों पर इन्वेस्ट कर रहे हैं सोने और चांदी के कारोबार में जो गिरावट आई है उसका मोटा कारण सोने और चांदी की कीमत में निरंतर जोरदार तरीके से उतार-चढ़ाव होना बताया जा रहा है जिसमें पिछले कई महीनो से यह देखा जा रहा है कि कई बार सोने और चांदी की कीमत कई दिनों तक लगातार बढ़ती रहती है और फिर कई दिनों तक लगातार इनकी कीमत कम होती रहती है इसलिए लगातार कीमत का बढ़ना और फिर अचानक लगातार कीमत का निरंतर काम होना कहीं ना कहीं लोगों के माइंडसेट को विचलित कर रहा है इसीलिए लोग सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने के बारे में काम सोच रहे हैं जिसकी वजह से यह कारोबार प्रभावित हो रहा है हालांकि जिनके घरों में शादियां होती हैं वे जरूर मजबूरी में सराफा बाजार




में नजर आ जाते हैं लेकिन इनमें भी ज्यादातर वहीं लोग होते हैं जिनके पास पुरानी चांदी होती है वे लोग पुरानी चांदी को बेचकर उसकी राशि में शादी के लिए सोने चांदी के नए आभूषण खरीदने के प्लान के साथ सराफा बाजार में आते हैं इसके अलावा एक बड़ा कारण यह भी है कि चांदी की कीमत में जिस तरह से बढ़ोतरी हुई है उसके बाद जो लोग पहले छोटे-छोटे खुशी के मौके पर और मांगलिक कार्य में अपने परिजनों और रिश्तेदारों को चांदी के सिक्के और अन्य चांदी निर्मित वस्तुएं गिफ्ट करते थे उनकी लागत अब बहुत ज्यादा हो गई है क्योंकि चांदी की कीमत अब पहले की तरह है साधारण नहीं रही चांदी की चमक अब सोने की तरह लगने लगी है इसलिए पहले चांदी का सिक्का जो 100-100 रुपए के आसपास आ जाता था आज वही सिक्का 600-700 या इससे भी ज्यादा रुपए का सराफा बाजार में व्यापारियों द्वारा बताया जाता है इसलिए चांदी के गिफ्ट देना भी लोगों ने बहुत कम कर दिया है जिसकी वजह से चांदी के कारोबार के प्रभावित होने में यह भी एक बड़ा कारण है ।

## नि:शुल्क ईएनटी शिविर में सैकड़ों मरीज लाभांवित

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस.)।** कस्बे के राजाखेड़ा क्षेत्र में नाक, कान एवं गला (ईएनटी) रोगों के लिए नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर केंद्रीय पोस्ट ऑफिस के पास स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का आयोजन ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. मनोज शर्मा (नयावास, राजाखेड़ा) के सानिध्य में किया गया। इस दौरान मरीजों को नाक, कान और गले से संबंधित रोगों की जांच कर निशुल्क परामर्श व आवश्यक उपचार संबंधी जानकारी दी गई। शिविर में डॉ. मनोज शर्मा के साथ पूरन चंद, रविंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, हेमंत कुमार, सचिन कुमार, ज्योति, अशोक कुमार, देवेश कुमार, तनवीर चौधरी, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. राकेश गुप्ता सहित अन्य सहयोगियों ने सेवाएं दीं।

## पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने हेल्पलाइन 181 कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**जयपुर(कासं.)** पशुपालन, मत्स्य एवं गौ-पालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री विकास सीतारामजी भाले ने गुरुवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर विभागीय प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज सभी शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रमुख शासन सचिव ने हेल्पलाइन 181 कंट्रोल रूम पर परिवादियों से सीधे संवाद किया। चित्तौड़गढ़ से परिवादी संजय कुमार ने बताया कि राणा प्रताप सागर एवं बीसलपुर बांध में मत्स्य ठेकेदार लीज अवधि समाप्त होने के बावजूद अवैध मत्स्य आखेट कर रहे हैं।

## नकली घी तैयार करने वाली फैक्ट्री का पर्दाफाश, सरस कृष्णा ब्रांड के स्टिकर लगाकर बेच रहे थे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पाली जिले में सुमेरपुर थाना इलाके में संजय नगर में पुलिस और खाद्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए नकली घी तैयार करने वाली एक फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है मौके से भारी मात्रा में नकली घी और नकली घी तैयार करने की मिलावटी सामग्री बरामद की गई है पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है जानकारी के अनुसार मौके पर सरस कृष्णा गोवा जैसे बड़े ब्रांड के स्टीकर बड़ी मात्रा में मिले हैं जिन्हें लगाकर यह नकली घी बेचा जा रहा था जानकारी के अनुसार पुलिस को जानकारी मिली थी कि संजय नगर में चोरी छुपे नकली घी तैयार किया जा रहा है जिसके बारे में पुलिस और



खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आपस में मीटिंग करके इस नकली घी की फैक्ट्री को मौके पर ही जाकर पकड़ने का प्लान तैयार किया इसके लिए पुलिस ने पहले अपने स्तर पर इस फैक्ट्री की गतिविधियों के बारे में पता लगाया जिसमें इस बात के पक्का सबूत मिलेगी इस फैक्ट्री में नकली घी तैयार किया जाता है जिसके बाद सुमेरपुर थाने की टीम और खाद्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से चारों तरफ से घेराबंदी करके इस फैक्टरी पर छापा मार करवाई को अंजाम दिया जिसमें मौके पर करीब 700 लीटर नकली घी बरामद किया गया इसके अलावा मौके पर पामआयल और केमिकल केमिकल भारी मात्रा में बरामद किया गया इसके अलावा नकली घी तैयार करने के साजो समान यंत्र और उपकरण भी मौके से बरामद किए गए हैं अचानक हुई इस छापामार कार्रवाई से मौके पर मौजूद लोग भी चकित रह गए पुलिस ने मौके से तीन लोगों को हिरासत में लिया है पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि यहां नकली घी पिछले कई महीनो से तैयार किया जा रहा था यहां तैयार किया जा रहे नकली घी को विभिन्न शादी समारोह में सप्लाई करने की योजना बनाई गई थी इस नकली घी की पैकिंग पर सरस कृष्णा गोवा जैसे ब्रांड की स्टीकर लगाकर ग्राहकों को अंधेरे में रखा जा रहा था ग्राहक यह सोच लेते थे कि पैकिंग में ब्रांडेड की है लेकिन पैकिंग के अंदर नकली घी भरा रहता था इस तरह से ग्राहकों के साथ यहां जबरदस्त खिलवाड़ किया जा रहा था ग्राहकों की सेहत के साथ धोखाधड़ी की जा रही थी यह अपने आप में पुलिस की एक बड़ी कार्रवाई कहीं जा सकती है पुलिस पूछताछ करके यह पता लग रही है कि इस फैक्ट्री से तैयार होने वाले माल को कहां-कहां और किन-किन लोगों को सप्लाई की जाती थी पुलिस उन लोगों तक भी पहुंचने का प्रयास कर रही है फिलहाल पुलिस ने नकली की के सैंपल भी चुरा लिए हैं और हमें जांच के इस फैक्ट्री से तैयार होने वाले माल को कहां-कहां और किन-किन लोगों को सप्लाई की जाती थी पुलिस उन लोगों तक भी पहुंचने का प्रयास कर रही है फिलहाल पुलिस ने नकली घी के सैंपल भी ले लिए हैं जिन्हें जांच के लिए लैबोरेट्री भेजा जा रहा है जानकार लोगों का कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है जब पुलिस और खाद्य विभाग की टीमों ने प्रदेश में नकली घी तैयार करने की किसी फैक्ट्री को पकड़ा हो इससे पहले भी समय-समय पर प्रदेश में कई जगहों पर नकली घी बरामद करके कारखाने को पकड़ा गया है लेकिन इसके बावजूद भी राजस्थान में नकली घी, पनीर मावा और अन्य खाद्य पदार्थ तैयार करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं और ऐसे लोग निडर होकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की बहुत जरूरत है ।

## सम्पादकीय

### भारत पर मंडराया महंगाई और गरीबी बढ़ने का बड़ा खतरा



पश्चिम एशिया में संघर्ष से उपजे वैश्विक संकट का अगर जल्द समाधान नहीं तलाश गया, तो इसके व्यापक एवं दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं। इससे न केवल ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना बेहद मुश्किल हो जाएगा, बल्कि खाद्य सुरक्षा का संकट गहराने की संभावना भी कई गुना बढ़ जाएगी, जिससे सीधे तौर पर आम आदमी का जीवन स्तर प्रभावित होगा। इसका सबसे ज्यादा असर भारत समेत उन देशों पर पड़ेगा, जो अपनी जरूरतों के लिए आयात पर अधिक निर्भर हैं।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की ओर से जारी एक रपट में कहा गया है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव से उत्पन्न हालात के कारण भारत में पच्चीस लाख लोगों के गरीबी की जद में आने का खतरा है। इस आकलन का आधार यह है कि होर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से जहां ईंधन, मालभाड़ा और कच्चे माल की लागत बढ़ रही है, वहीं लोगों की आजीविका कमजोर हो रही है, घरेलू क्रय शक्ति घट रही है और खाद्य असुरक्षा बढ़ रही है। गौरतलब है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच टकराव के मोर्चे स्थायी तौर पर बंद होने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा के बीच हाल ही में पाकिस्तान के इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के बीच हुई शांति वार्ता बेनतीजा रहने से जहां अमेरिका का रुख फिर से आक्रामक हो गया है, वहीं ईरान भी जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार दिख रहा है। ऐसे में अगर होर्मुज जलमार्ग लंबे समय तक बंद रहा, तो इसका असर दुनिया भर में ऊर्जा के गंभीर संकट के रूप में सामने आएगा।

भारत की बात की जाए, तो वह अपनी नब्बे फीसद से अधिक तेल जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है और कच्चे तेल का चालीस फीसद से अधिक तथा एलपीजी का नब्बे फीसद आयात पश्चिम एशिया से किया जाता है। इसके अलावा, उर्वरक आयात का पैंतालीस फीसद से अधिक हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आता है। इस बात पर गौर करना भी जरूरी है कि भारत के कुल निर्यात का चौदह फीसद और आयात का करीब इक्कीस फीसद व्यापार पश्चिम एशिया से जुड़ा है। ऐसे में यह समझना मुश्किल नहीं होगा कि आने वाले दिनों में देश में किस तरह की स्थिति पैदा हो सकती है। अमेरिका और ईरान के अड़ियल रवैये से पश्चिम एशिया में युद्ध के मोर्चे दोबारा खुलने की आशंकाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि भारत में गरीबी दर 23.9 फीसद से बढ़कर 24.2 फीसद हो सकती है। जबकि वैश्विक स्तर पर 88 लाख लोग गरीबी के जोखिम में आ सकते हैं, जिनमें भारत समेत दक्षिण एशिया के लोग सबसे अधिक होंगे। इस संकट के बाद देश में गरीबी में रहने वालों की संख्या 35.40 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो पहले 35.15 करोड़ थी। जाहिर है कि देश की आबादी के एक बड़े हिस्से के लिए जीवन-यापन से संबंधित नई मुसीबतें खड़ी हो जाएंगी। इसमें दोराय नहीं कि देश में मौजूदा परिस्थितियों से निपटने के लिए सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इससे निश्चित तौर पर सरकारी बजट पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है और ऐसे में ज्यादा दिन तक स्थिति को संभालना आसान नहीं होगा।

# केवल बड़ा बाजार बनना पर्याप्त नहीं



दुनिया इस समय एक अजीब दौर से गुजर रही है। कहीं युद्ध चल रहे हैं, कहीं युद्ध की तैयारी है और कहीं बिना युद्ध के भी सब कुछ प्रभावित हो रहा है। पहले ऐसा माना जाता था कि अगर बाजार खुला रहेगा तो अर्थव्यवस्था चलती रहेगी। हालांकि अब यह भरोसा कमजोर पड़ रहा है, क्योंकि आज का संकट केवल व्यापार का नहीं है, बल्कि सप्लाई, सुरक्षा और भरोसे का भी है। ऐसे समय में भारत को यह समझना होगा कि वह सिर्फ एक बड़ा बाजार बनकर आगे नहीं बढ़ सकता। तब तो और नहीं जब बाजार एक ताकत के कब्जे में रहे। इससे अर्थव्यवस्था कभी भी डगमगा सकती है। भारत केवल एक बड़ा उपभोक्ता देश बनता जा रहा है। हमारे पास युवा आबादी है, तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था है और दुनिया की बड़ी कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार है, लेकिन क्या केवल उपभोक्ता बनकर कोई देश मजबूत बन सकता है? अगर उत्पादन, तकनीक, ऊर्जा और अन्य जरूरी संसाधनों के मामले में हमारी बाहरी निर्भरता बनी रहेगी तो थोड़ी सी वैश्विक हलचल भी हमें हिला सकती है और इसका उदाहरण आज हमारे सामने है। युद्धों का सबसे पहले असर ऊर्जा पर पड़ता है। तेल और गैस की कीमतें बढ़ती हैं। सप्लाई में रुकावट आती है। इसका प्रभाव आम आदमी की जेब पर पड़ता है, लेकिन संकट यहीं खत्म नहीं होता। एक और बड़ा खतरा है डिजिटल ढांचे का। आज हमारी जिंदगी का बड़ा हिस्सा इंटरनेट, डाटा और क्लाउड पर टिका है। बैंकिंग से लेकर सरकारी सेवाएं, पढ़ाई से लेकर व्यापार सब कुछ डिजिटल हो चुका है। ऐसे में अगर युद्ध के कारण डाटा सेंटर प्रभावित होते हैं, इंटरनेट के रास्ते बाधित होते हैं या साइबर हमले बढ़ते हैं, तो पूरी व्यवस्था ठप हो सकती है। स्वास्थ्य सेवाएं भी इससे अछूती नहीं हैं। हम अक्सर सोचते हैं कि अस्पताल केवल डाक्टर और दवाओं से चलते हैं, लेकिन सच यह है कि वे वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भर होते हैं।

उदाहरण के लिए एमआरआइ मशीन में इस्तेमाल होने वाली हीलियम गैस एक ऐसी विशेष गैस है, जो मशीन को सही तापमान पर काम करने में मदद करती है। भारत अपनी हीलियम जरूरत का बड़ा हिस्सा कतर से आयात करता है। यह देश दुनिया के बड़े हीलियम उत्पादकों में से एक है। अगर युद्ध के कारण वहां से उसकी सप्लाई बाधित होती है तो इसका असर सीधे हमारे अस्पतालों पर पड़ेगा। जांच में देरी के साथ इलाज महंगा हो सकता है और कई जगहों पर सेवाएं बाधित हो सकती हैं। इसका मतलब यह है कि युद्ध का असर आम नागरिक के इलाज तक पर पड़ता है। यही वह स्थिति है जो हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि विकास का मतलब केवल बाजार नहीं हो सकता।

बाजार जरूरी है, पर वह सब कुछ नहीं कर सकता। बाजार वहां जाता है, जहां फायदा होता है, लेकिन देश को उन जगहों पर भी काम करना पड़ता है, जहां फायदा तुरंत नहीं दिखता, मगर उन क्षेत्रों की महत्ता कम नहीं। जैसे बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा और रिसर्च। अगर इन क्षेत्रों को पूरी तरह बाजार के भरोसे छोड़ दिया जाए, तो असमानता बढ़ेगी और देश कमजोर पड़ेगा। इसी कारण जवाहरलाल नेहरू ने समझा था कि एक नए देश को खुद को मजबूत बनाने के लिए सरकार की भूमिका जरूरी है। उन्होंने उद्योग, बिजली, वैज्ञानिक संस्थान और सार्वजनिक क्षेत्र पर जोर दिया ताकि देश अपने पैरों पर खड़ा हो सके। उनका उद्देश्य केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाना था, जो संकट के समय भी टिक सके। बाहरी दुनिया के साथ तालमेल की कड़ी मानी जाने वाली विदेश नीति में भी आज असंतुलन दिखता है। एक ओर हम स्वतंत्र निर्णय की बात करते हैं, लेकिन कई बार व्यवहार में झुकाव अधिक स्पष्ट दिखता है। पश्चिमी देशों के साथ बढ़ती नजदीकी जरूरी हो सकती है, पर अगर संतुलन बिगड़ता है, तो हमारे पारंपरिक संबंध कमजोर हो सकते हैं। विदेश नीति की ताकत इसी में होती है कि वह सभी पक्षों से संबंध बनाए रखे। असंतुलन यह भी है कि विदेश नीति और आर्थिक नीति के बीच हमेशा स्पष्ट तालमेल नहीं दिखता। हम वैश्विक मंचों पर स्वतंत्र रुख की बात करते हैं, लेकिन व्यापार और तकनीक के मामलों में कुछ खास देशों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। यह स्थिति भविष्य में जोखिम पैदा कर सकती है, खासकर तब जब दुनिया पहले से ही अनिश्चितता से भरी हो। एक मजबूत विदेश नीति वही होती है, जो हर परिस्थिति में देश के हितों की रक्षा करे और किसी एक दिशा पर अत्यधिक निर्भरता से बचे।

आज दुनिया कई खेमों में बंटी हुई है। बड़े देश अपने हिसाब से फैसले ले रहे हैं। ऐसे में भारत को सावधानी से चलना होगा। हमें सभी से संबंध रखने हैं, लेकिन किसी एक पर पूरी तरह निर्भर नहीं होना है। यह संतुलन हमारी ताकत हो सकता है। आज आत्मनिर्भरता का मतलब केवल कारखाने लगाना नहीं है। इसका अर्थ है कि हम जरूरी चीजों के लिए पूरी तरह विदेश पर निर्भर न रहें।

*स्वास्थ्य सेवाएं भी इससे अछूती नहीं हैं। हम अक्सर सोचते हैं कि अस्पताल केवल डाक्टर और दवाओं से चलते हैं, लेकिन सच यह है कि वे वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भर होते हैं।*
*उदाहरण के लिए एमआरआइ मशीन में इस्तेमाल होने वाली हीलियम गैस एक ऐसी विशेष गैस है, जो मशीन को सही तापमान पर काम करने में मदद करती है। भारत अपनी हीलियम जरूरत का बड़ा हिस्सा कतर से आयात करता है। यह देश दुनिया के बड़े हीलियम उत्पादकों में से एक है। अगर युद्ध के कारण वहां से उसकी सप्लाई बाधित होती है तो इसका असर सीधे हमारे अस्पतालों पर पड़ेगा। जांच में देरी के साथ इलाज महंगा हो सकता है और कई जगहों पर सेवाएं बाधित हो सकती हैं। इसका मतलब यह है कि युद्ध का असर आम नागरिक के इलाज तक पर पड़ता है। यही वह स्थिति है जो हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि विकास का मतलब केवल बाजार नहीं हो सकता।*
*बाजार जरूरी है, पर वह सब कुछ नहीं कर सकता। बाजार वहां जाता है, जहां फायदा होता है, लेकिन देश को उन जगहों पर भी काम करना पड़ता है, जहां फायदा तुरंत नहीं दिखता, मगर उन क्षेत्रों की महत्ता कम नहीं। जैसे बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा और रिसर्च। अगर इन क्षेत्रों को पूरी तरह बाजार के भरोसे छोड़ दिया जाए, तो असमानता बढ़ेगी और देश कमजोर पड़ेगा। इसी कारण जवाहरलाल नेहरू ने समझा था*

## कहानी

### दो बाप दो बेटे

बचपन के दोस्त थे, जवानी में भी दोस्ती क़ायम थी। दोनों के मिज़ाज में इतनी हम-आहंगी थी कि एक चीज़ एक को पसंद आती तो दूसरा भी उसे पसंद करने लगता। किसी बात से एक नाराज़ होता तो दूसरा भी उस तरफ़ से रुख़ फेर लेता।

दोनों के ख़ानदान वाले भी उनकी दोस्ती पर नाज़ करते।

रोहन बचपन से बीमार रहता था। बारिश में भीगा कि बुख़ार जकड़ लेता, लू लगती तो बिस्तर पर पड़ जाता, सर्दी में नज़ला, खाँसी उसे घेरे रहते। इस वजह से दिमाग़ी तौर पर कमज़ोर हो गया था। सातवीं क्लास के बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी।

हसन को भी पढ़ाई लिखाई से कोई ख़ास दिलचस्पी न थी मगर उसके वालिद की बड़ी ख़्वाहिश थी कि वो तालीम हासिल करे। दसवीं जमात के बाद उसने भी स्कूल जाना छोड़ दिया और अपने वालिद के साथ पर परचून की दुकान पर बैठने लगा। उसकी शादी भी जल्दी हो गई। दस साल का एक बेटा मुहसिन था उसका।

रोहन अपने पिता के साथ खेतों में काम करता था। एक रोज़ वो हसन के पास पहुँचा तो कुछ ग़मगीं था। हसन से बोला, 'चलो कहीं बाहर चल कर बातें करते हैं।'

तन्हाई मिलते ही बोला, 'हसन, मेरी शादी तय हो गई है।'

'ये तो खुशी की बात है।' हसन ने उसे मुबारकबाद दी...

'कब है शादी?'

'तारीख़ तय करने परसों जाना है। तुझे भी साथ चलना है। मगर एक मसला सामने आ गया है।'

'तुम लोगों की तरफ़ से या लड़की वालों की तरफ़ से? हसन ने पूछा...

'न हमारी न उनकी तरफ़ से बल्कि लड़की ने मुझसे एक पहेली बूझने को कहा है।'

हसन को हंसी आ गई। रोहन रोती सूरत बना कर बोला, 'तुम्हें हंसी आ रही है।'

'तौबा-तौबा अब नहीं हंसूँगा। पूरी बात बता।'

हसन ने माफ़ी माँग ली। सब कुछ तय हो गया, हम लोग वापिस लौटने लगे तो एक छोटी लड़की मुझे इशारा से एक तरफ़ बुला ले गई। वहाँ मेरी होने वाली पत्नी खड़ी थी। उसने कहा 'मैंने सुना है तुम कम पढ़े लिखे हो... मेरी एक पहेली का जवाब दो। जवाब न दे सके तो मैं शादी से इन्कार कर दूँगी।

'क्या है वो पहेली?'

'दो बाप, दो बेटे, एक साथ मछली पकड़ने गए। हर एक ने एक एक मछली पकड़ी, आपस में तक़सीम कर ली। खुशी-खुशी तीन मछलियाँ लेकर घर लौटे। कैसे? लोग तो चार थे। मुझे जवाब नहीं देते बना। मुझे जवाब नहीं मालूम था।' 'फिर क्या हुआ?' हसन ने पूछा... 'मेरा उतरा हुआ मुँह देख कर बोली, कल तक जवाब लेकर आओ। हसन! तुझे पहेली का जवाब मालूम है? मैं किसी और से नहीं पूछ सकता। पूरे गाँव में बात फैल जाएगी। फिर कोई लड़की मुझसे शादी नहीं करेगी।' हसन ने सोचते हुए कहा, 'नहीं, जवाब मुझे भी नहीं मालूम मगर मैं सोचता हूँ कि तुम भी सोचो यक़ीनन जवाब मिल जाएगा।' हसन की बीवी नईमा बड़ी अक़्लमंद थी। हसन ने उसे सारी बात बताई। किसी से न बताने का वाअदा लिया। नईमा को भी जवाब नहीं मालूम था। नईमा ने रात का खाना बनाया। वो मुसलसल पहेली के बारे में सोच रही थी। उसने दस्तर-ख़्वान बिछाया। खाना लगाया। सुसर साहिब को बुलाया, हसन को बुलाया और मुहसिन को भी आवाज़ दी। तीनों बैठ गए तो नईमा ने ज्वार की तीन मोटी-मोटी रोटियाँ एक प्लेट में ला कर रख दीं। बोली... दो बाप, दो बेटे, रोटियाँ पकाईं तीन। हर एक के हिस्से की एक-एक रोटी चलो बिसमिल्लाह करो।' 'वाह अम्मी!' मुहसिन खुल कर हंस पड़ा... 'आपका हिसाब ग़लत हो गया। दो बाप दो बेटे मिल कर तो चार होते हैं।' 'बिलकुल ग़लत नहीं हुआ बेटे...'

# समानता का जयघोष है महिला आरक्षण

भारतीय संस्कृति में नारी को पूजनीय और शक्तिस्वरूपा कहा गया है। 'नृ' धातु से व्युत्पन्न नारी शब्द का अर्थ ही है नेतृत्व करने वाली। प्राचीन भारत में लोपामुद्रा, मैत्रेयी और गार्गी, अपाला, मुग्द्लानी जैसी अनेक नारियों ने तत्कालीन समाज, राजनीति तथा दर्शन को नई दिशा प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाई। स्वाधीनता आंदोलन में भी हमारी नारी शक्ति ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दुर्भाग्य से स्वतंत्रता के बाद राजनीतिक नेतृत्व के स्तर पर महिलाओं का स्थान गौण होता गया। कई दलों ने इस समस्या को स्वीकार तो जरूर किया, लेकिन वे इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं कर सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करके देश की नारियों को वह स्थान दिलाया, जिसकी वे हकदार हैं। अब बारी इसके क्रियान्वयन की है।



लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्याय की अवधारणा समानता की नींव पर टिकी होती है। यदि महिला और पुरुष के राजनीतिक प्रतिनिधित्व में असमानता होगी तो वह व्यवस्था सच्चे अर्थों में लोकतांत्रिक नहीं कहलाएगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम राजनीतिक समानता का जयघोष है। इससे भारतीय नारी को नीति निर्धारण के सर्वोच्च मंचों पर न्यायसंगत स्थान मिलेगा। इससे लोकतंत्र को व्यापक प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। इस अधिनियम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि देखें तो इसका सफर 30 वर्षों से भी ज्यादा लंबा रहा। अनेक दलों के घोषणापत्रों का अंग होते हुए भी यह मुद्दा हाशिए पर ही रहा। एक समय तो सपा और राजद जैसे दलों ने इसका विरोध भी किया।

मोदी सरकार ने 2023 में सभी दलों को महिला आरक्षण के लिए राजी कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (106वां संवैधानिक संशोधन) पारित कर लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान किया। इसमें एससी-एसटी वर्गों की महिलाओं के लिए भी एक तिहाई सीटें आरक्षित होंगी। नि:संदेह पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी के अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं, पर नीति निर्माण की शीर्ष प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका लगभग नगण्य है। वर्तमान में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 15 प्रतिशत से भी कम है। इस अधिनियम से लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 850 हो जाएंगी। इसी तरह विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ेंगी। इससे नीति-निर्माण के स्तर पर महिलाओं की आवाज सशक्त होगी।

राजनीतिक प्रक्रिया में नारियों के आगमन से संवेदनशीलता, धैर्य तथा करुणा जैसे मूल्यों का समावेश होता है। भारतीय स्त्री जैसे समर्पण के साथ अपने परिवार का भरण-पोषण करती है, ठीक उसी प्रकार एक महिला विधायक या सांसद अपने क्षेत्र की प्राथमिक समस्याओं को सूक्ष्मता से समझ कर उसका निपटान कर सकती है। समाजविज्ञानी अध्ययनों के अनुसार जब सत्ता में महिलाओं की भागीदारी होती है तो सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे शिक्षा, जन स्वास्थ्य सुविधाओं, पेयजल आपूर्ति आदि पर अधिक निवेश होता है।

मोदी सरकार की एक विशेषता जो महिलाओं को आकर्षित करती है, वह है महिला सशक्तीकरण के लिए पूर्ण प्रयास। समाज के वंचित वर्गों की महिलाओं को मुख्यधारा में शामिल करने की दिशा में कई योजनाएं चल रही हैं। पीएम आवास, मुद्रा, उज्ज्वला जैसी अनेक योजनाओं से करोड़ों महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। महिलाओं के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को नारी शक्ति वंदन अधिनियम पूर्णता प्रदान करता है।

*मोदी सरकार ने 2023 में सभी दलों को महिला आरक्षण के लिए राजी कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (106वां संवैधानिक संशोधन) पारित कर लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान किया। इसमें एससी-एसटी वर्गों की महिलाओं के लिए भी एक तिहाई सीटें आरक्षित होंगी। निःसंदेह पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी के अच्छे परिणाम देखने को मिल रहे हैं, पर नीति निर्माण की शीर्ष प्रक्रिया में महिलाओं की भूमिका लगभग नगण्य है। वर्तमान में लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 15 प्रतिशत से भी कम है। इस अधिनियम से लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 850 हो जाएंगी। इसी तरह विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ेंगी। इससे नीति-निर्माण के स्तर पर महिलाओं की आवाज सशक्त होगी। राजनीतिक प्रक्रिया में नारियों के आगमन से संवेदनशीलता, धैर्य तथा करुणा*

# नरम पड़ते ट्रंप

ईरान से दोबारा शांति वार्ता शुरू करने के संकेतों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह चीन और साथ ही अन्य सभी के लिए होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने की बात कही, उससे यही पता चलता है कि आखिरकार वे इस नतीजे पर पहुंचने के लिए विवश हो रहे हैं कि युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं होने वाला। शायद यही कारण है कि उनकी ओर से यह भी कहा गया कि युद्ध जल्द खत्म हो सकता है। चूंकि ईरान भी कह रहा है कि हम भी युद्ध के पक्ष में नहीं, इसलिए यह कहा जा सकता है कि युद्धविराम जारी रहेगा और दोनों पक्ष उसे स्थायी रूप देने के उपाय करेंगे। अच्छा होता कि ट्रंप को ईरान पर हमले की निरर्थकता तभी समझ



आ जाती, जब उन्होंने इजरायल के साथ मिलकर उस पर तब हमला करने का निर्णय लिया, जब उससे वार्ता जारी थी। एक तरह से ट्रंप वहीं खड़े दिखने लगे हैं, जहां 28 फरवरी को यानी ईरान पर हमला करने के पहले थे। उन्होंने जिस तरह चीन के इस आश्वासन पर होर्मुज खोलने की बात की कि वह ईरान को हथियार नहीं देगा, उससे यही प्रकट होता है कि वह किसी तरह अपने कदम पीछे खींचने की राह तलाश रहे थे। चीन के आश्वासन ने उनकी यह तलाश पूरी तो कर दी, लेकिन सब जानते हैं कि वह करीब 40 दिनों तक चले युद्ध में ईरान की हरसंभव तरीके से सहायता कर रहा था। पश्चिमी मीडिया माध्यम ही यह बता रहे हैं कि ईरान ने किस तरह चीन के जासूसी सैटेलाइट के सहारे खाड़ी देशों में अमेरिकी अड्डों को निशाना बनाया। ईरान और चीन की प्रगाढ़ता किसी से छिपी नहीं। अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद चीन ईरान से तेल खरीद रहा था। इसी कारण जब ट्रंप ने होर्मुज की नाकाबंदी करने की घोषणा की तो उसने अपनी सख्त आपत्ति जताई। ईरान के चीन के साथ-साथ रूस से भी खास रिश्ते हैं और यह किसी से छिपा नहीं कि ये तीनों देश अमेरिकी प्रभुत्व स्वीकार करने को तैयार नहीं और वे उसे चुनौती देते ही रहते हैं। यह एक तथ्य है कि ट्रंप तमाम कोशिशों के बाद भी रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त नहीं करा सके और टैरिफ मामले में उन्हें चीन के समक्ष झुकना पड़ा। ईरान ने भी उनके प्रतिबंधों की परवाह नहीं की। इस पर हैरानी नहीं कि ट्रंप चीन जाने को तैयार हैं और यह अपेक्षा कर रहे हैं कि वहां के राष्ट्रपति उन्हें गले लगाएंगे। फिलहाल यह कहना कठिन है कि अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली दूसरे दौर की वार्ता किसी ठोस नतीजे पर पहुंचेगी या नहीं

## चौप में निःशुल्क चिकित्सा शिविरः 100 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निस)।** आमेर के ग्राम पंचायत चौप स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। डॉ अजय शर्मा ने बताया कि इस शिविर में क्षेत्र के करीब 100 से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उचित परामर्श व दवाइयां दी गईं। शिविर का आयोजन डॉ. अजय शर्मा के सानिध्य में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव ने अपनी सेवाएं देते हुए बच्चों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने अभिभावकों को मौसमी बीमारियों से बचाव और बच्चों के बेहतर खान-पान के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस दौरान राकेश कुमार चौधरी, कल्याण साईं सैनी, सुरेश बागड़ा, डॉ. अजय शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा व विशाल शर्मा सहित कई ग्रामीणों ने शिविर में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को घर के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल पाती है।

# सुमेरपुर में लाखों की टंकियां बनी कबाड़, आधा शहर प्यास

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** नगर पालिका की पेयजल व्यवस्था अब शहर के लिए राहत नहीं, बल्कि सवाल बनकर खड़ी हो गई है। लाखों रुपए खर्च कर लगाए गए सार्वजनिक पानी के टैंक आज या तो सूखे खड़े हैं या कचरे में दबकर बदहाली की गवाही दे रहे हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि शहर के 36 वार्डों में पानी का वितरण पूरी तरह असंतुलित और संदिग्ध नजर आ रहा है। शहरवासियों का सीधा आरोप है– पालिका ने पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में भी भेदभाव की नीति अपना ली है। कुछ वार्डों में टंकियां पानी से लबालब हैं, जबकि निचले और पिछड़े इलाकों में कनेक्शन तक काट दिए गए हैं। प्राप्त जानकारी के



अनुसार आधा शहर भीगा आधा सुखा मतलब राजनीतिक तथा वोट बैंक का खेल खेला गया है।

**शोपीस' बनी टंकियां, जमीन पर फेल योजनाः**

जमीनी हकीकत यह है कि कई वार्डों में टंकियां धूप में सूखी खड़ी हैं, जिनमें महीनों से पानी की एक बूंद तक नहीं पहुंची। कई जगह ये टंकियां कचरे के ढेर में दब चुकी हैं, जिससे साफ है कि लाखों की योजना अब 'कबाड़' में तब्दील हो चुकी है। दूसरी ओर, कुछ चुनिंदा वार्डों में इन टंकियों से पानी की निर्बाध सप्लाई जारी है, यहीं से पालिका की कार्यशैली पर सवाल और गहरे हो जाते हैं।

**कहीं दुरुपयोग, कहीं बूंद-बूंद को तरसते लोगः**

स्थिति और भी चौंकाने वाली तब बनती है, जब कुछ इलाकों में सार्वजनिक टंकियों से पाइप जोड़कर घरों में पानी भरा जा रहा है। निर्माण कार्य, वाहन धुलाई और निजी उपयोग में पानी का खुलेआम दुरुपयोग हो रहा है। वहीं दूसरी तरफ, कई वार्डों में लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। सार्वजनिक टंकियों के कनेक्शन काट दिए गए हैं, जिससे आमजन को मजबूरन महंगे विकल्पों का सहारा लेना पड़ रहा है।

**सौतेला व्यवहार' या प्रशासनिक विफलता?**

स्थानीय लोगों ने पालिका पर सीधा आरोप लगाया है कि बड़े और प्रभावशाली वार्डों को पानी की खुली छूट दी गई है, जबकि निचले क्षेत्रों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है। यह सवाल अब खुलेआम उठ रहा है, क्या पानी जैसी बुनियादी सुविधा भी अब 'पहचान' और 'प्रभाव' देखकर दी जाएगी?

**लाखों खर्च, नतीजा शून्य, जवाबदेही गायबः**

इस योजना पर लाखों रुपए खर्च किए गए, लेकिन रखरखाव और मॉनिटरिंग के अभाव में यह पूरी तरह फेल साबित हो रही है। न तो टंकियों की सफाई हो रही है, न ही दुरुपयोग पर कोई रोक। पालिका प्रशासन की चुप्पी इस पूरे मामले को और संदिग्ध बना रही है।

**जनता का तंज, 'बोले जेनेरा बुबरा वके...'**

पालिका की कार्यशैली पर शहर में तीखा तंज भी सुनाई दे रहा है 'बोले जेनेरा बुबरा वके, नी बोले जेनेरा मजीठिया भी पाड़िया रे 'यानी जो आवाज उठाता है, वही परेशान होता है, और जो चुप रहता है, वहां मनमानी जारी रहती है। लोगों का कहना है कि जहां मजबूत ताकतवर लोग हैं वहां योजना आज भी वार्ड में संचालित है।

## मंत्री राज्यवर्धन सिंह के निर्देश पर जय करणी नगर में लगी स्ट्रीट लाइटें, कॉलोनीवासियों ने जताया आभार



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम के वार्ड संख्या 25 स्थित जय करणी नगर में लंबे समय से चली आ रही स्ट्रीट लाइट की समस्या का समाधान हो गया है। मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के निर्देश पर कॉलोनी के बिजली पोलों पर स्ट्रीट लाइटें लगवाई गईं, जिससे क्षेत्र में रोशनी की व्यवस्था बेहतर हो गई है। कॉलोनी निवासी मीनू कुमार शर्मा ने मंत्री को क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की कमी से अवगत कराया था। इस पर मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए, जिसके बाद कॉलोनी में लाइट लगाने का कार्य शीघ्र पूरा किया गया। लाइटें लगने के बाद कॉलोनीवासियों ने मंत्री के इस त्वरित निर्णय की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे रात के समय आवागमन सुरक्षित और सुगम हो गया है। इस अवसर पर डॉ. अमर सिंह धाकड़, मनोज यादव, राजकुमार सिंह, आशीष यादव, जितेंद्र शर्मा, पंकज तंवर सहित कई कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

## सीबीएसई में बिलोंची की आस्था सेपट ने क्षेत्र का लहराया परचम

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निस)।** सीबीएसई की ओर से जारी किए गए कक्षा 10 के रिजल्ट में बिलौंची गांव की आस्था सेपट पुत्री सरदार सेपट ने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आस्था ने यह उपलब्धि सेंट एन्सलम सीनियर सैकेंडरी स्कूल हाड़ोता चोमू के शिक्षकों के निर्देशन में प्राप्त की है। आस्था ने बताया कि इस सफलता का श्रेय पिता सरदार सेपट, मां कमला सेपट को दिया है। आस्था ने बताया कि मां राजस्थान पुलिस में कार्यरत है, लेकिन इसके बावजूद भी उन्होंने लगातार कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## संस्कारयुक्त शिक्षा से ही बनेगा सशक्त राष्ट्रः दयाकांत सक्सेना




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक दयाकांत सक्सेना ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, चरित्र निर्माण और राष्ट्रीय एकता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा पूरे भारत सहित पड़ोसी देशों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन 25 सितंबर 2026 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संस्कृति, ऋषि-मुनियों के ज्ञान, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और राष्ट्र की अखंडता से जोड़ना है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, जीव-जंतुओं की रक्षा, नारी सम्मान और नशामुक्त समाज जैसे मूल्यों को बढ़ावा देना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। धौलपुर के केंद्रीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य मन्मथ कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण की भावना अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट परिणाम और परीक्षा में योगदान के लिए प्राचार्य मन्मथ कुमार शर्मा, व्याख्याता दीपक कुशवाह, जितेंद्र सिंह, महिपाल सिंह को सम्मानित किया गया। वहीं छात्रा आयुषी पाराशर सहित 36 छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार परमार, राजीव सक्सेना सहित गायत्री परिवार के कई सदस्य उपस्थित रहे।

## जाटावाली के मालेरा स्कूल में भाजपा नेता हाटवाल ने बांटी पाठ्य सामग्री

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(निस)।** जाटावाली पंचायत के राजस्व ग्राम मालेरा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में छात्र सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला कार्यालय सह-प्रभारी व जमवारामगढ़ प्रभारी और मीना सेना प्रदेश महामंत्री प्रकाश हाटवाल ने कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, नोटबुक और अन्य पाठ्य सामग्री वितरित की। इस दौरान विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। सामग्री वितरण के बाद छात्रों को संबोधित करते हुए प्रकाश हाटवाल ने कहा कि शिक्षा का महत्व सर्वोपरि है और समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है कि कोई भी जरूरतमंद बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। भामाशाहों से आगे आने का आह्वान हाटवाल ने कहा कि समाज के संपन्न लोगों और भामाशाहों को जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे आने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को दी गई एक छोटी सी सहायता भी उनके भविष्य के लिए बड़ा संबल साबित होती है। उन्होंने शिक्षकों से भी संवाद किया और कहा कि यदि स्कूल में अन्य कोई जरूरतमंद बच्चा हो, तो उन्हें तुरंत अवगत कराएं ताकि समय पर सहायता पहुंचाई जा सके। कार्यक्रम के अंत में कार्यवाहक प्रधानाध्यापक यशोदा सेठी ने प्रकाश हाटवाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और वे पढ़ाई के प्रति अधिक उत्साहित होते हैं। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान रघुनाथ हाटवाल, जगन् लाल हाटवाल, अनिल हाटवाल, साधुराम हाटवाल, देवेंद्र शर्मा, शिवपाल मीणा, आनंद हाटवाल, नमोनारायण मांड्या, दौलत मीणा, अजीत मीणा, छाजूराम मीणा, नंछु मीणा, छीतर मीणा, महेंद्र जाट, सूर्यप्रकाश जांगिड़, जीतू बुनकर, गोवेर्धन खारवाल, प्रकाश मीणा आदि मौजूद रहे।

## कादेड़ा विद्यालय में बालिका स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**चाकसू(निस)।** उपखंड के पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कादेड़ा में गुरुवार को मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान एवं महिला सशक्तिकरण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बालिका स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के प्रबंध निदेशक कौशल सत्यार्थी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं व महिलाओं के बीच मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना तथा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष दुर्गा वर्मा ने उपस्थित बालिकाओं को बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, इसे शर्म का विषय नहीं बल्कि स्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण पहलू समझना चाहिए। इस दौरान विशेषज्ञों व सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान अपनाई जाने वाली सही स्वच्छता आदतों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही निशुल्क सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। इस दौरान बालिकाओं के हीमोग्लोबिन व स्वास्थ्य की निशुल्क जांच भी की गई साथ ही सैनिटरी पैड का नियमित व सही तरीके से उपयोग व समय-समय पर बदलाव, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के उपाय, संतुलित आहार व स्वास्थ्य की देखभाल, नियमित स्वास्थ्य जांच का महत्व, मासिक धर्म को लेकर समाज में फैली गलत धारणाओं एवं बालिकाओं की शंकाओं का भी समाधान किया गया। इस अवसर पर कल्पना जैन, संजना गुर्जर, सुनीता मीना, मनीषा, अंजलि सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सांगानेर रोडवेज स्टैंड पर यात्रियों की परेशानी, घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिलती बस

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** सांगानेर मालपुरा गेट स्थित रोडवेज स्टैंड पर यात्रियों को इन दिनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोज़ाना शाम के समय केकड़ी, मालपुरा, नीमेडा और फागी जाने वाले यात्रियों की लंबी कतारें लग जाती हैं, लेकिन बसों की अनुपलब्धता के कारण लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। गुरुवार शाम करीब 7:00 बजे का नजारा भी कुछ ऐसा ही था, जहां बड़ी संख्या में यात्री बस का इंतजार करते दिखाई दिए, लेकिन रात 9:00 बजे तक न तो कोई रोडवेज बस आई और न ही कोई मिनी बस उपलब्ध हुई।

यात्रियों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही है। रोज़ाना कामकाजी लोग, विद्यार्थी और महिलाएं इस परेशानी से जूझते हैं, जिससे उन्हें समय पर अपने गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाई होती है। कई बार मजबूरी में यात्रियों को निजी वाहनों या महंगे किराए के साधनों का सहारा लेना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र के विधायक व राजस्थान सरकार में परिवहन मंत्री प्रेमचंद बेरवा होने के बावजूद इस समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे आमजन में नाराजगी बढ़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि मंत्री के अपने क्षेत्र में ही यह स्थिति है, तो अन्य जगहों का अंदाजा लगाया जा सकता है। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने परिवहन विभाग से मांग की है कि सांगानेर से फागी, नीमेडा, मालपुरा और केकड़ी के लिए नियमित बस सेवा शुरू की जाए, विशेषकर शाम के समय बसों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। जनता को उम्मीद है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर जल्द ध्यान देकर समाधान करेगा।

## एशियन बीच कबड्डी में राजस्थान का दमः 4 खिलाड़ी भारतीय टीम में, गहलोत बोलेः प्रदेश के लिए गर्व का पल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** चीन के सान्या में 22 से 27 अप्रैल 2026 तक आयोजित होने वाले 5वें एशियन बीच कबड्डी गेम्स के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस बार टीम में राजस्थान के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पुरुष वर्ग में बिजेंद्र सिंह चौधरी, जितेंद्र यादव और जयभगवान को भारतीय टीम में जगह मिली है, जबकि महिला वर्ग में मनप्रीत कौर का चयन हुआ है। लगातार राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन के दम पर इन खिलाड़ियों ने टीम में अपनी जगह बनाई है। तेजस्वी सिंह गहलोत, अध्यक्ष, राजस्थान ओलंपिक संघ ने इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों का चयन युवाओं के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। राजस्थान की कबड्डी टीमों ने पिछले दो वर्षों में शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2024 में बोधगया (बिहार) में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता और 2025 में ऋषिकेश- शिवपुरी (उत्तराखंड) में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में टीम ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं 2026 में मछलीपट्टनम (आंध्र प्रदेश) में सिल्वर मेडल और खेलो इंडिया दमन-दीव 2026 में पुरुष व महिला दोनों वर्गों में गोल्ड मेडल हासिल किया। गहलोत ने कहा कि राज्य में बीच कबड्डी के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है और आने वाले समय में इस खेल के लिए बेहतर आधारभूत ढांचा व प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित की जाएंगी। भारतीय कबड्डी संघ के अध्यक्ष विभोर जैन और राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह बराड़ ने भी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह राज्य में मजबूत खेल संरचना और प्रशिक्षण का परिणाम है।

## तगावली में विवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के तगावली गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार दुर्गावती पुत्री पूरन सिंह निवासी सीगपुरा थाना पोरसा, जिला मुरैना (मध्यप्रदेश) का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व मुकेश पुत्र रामचरण निवासी तगावली, थाना कोतवाली धौलपुर के साथ हुआ था। परिजनों का आरोप है कि विवाह के समय नगद राशि, सोने-चांदी के आभूषण, फर्नीचर व अन्य सामान दहेज में दिया गया था, इसके बावजूद ससुराल पक्ष अतिरिक्त एक लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग करता रहा। आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। मृतका के देवर द्वारा उसकी छोटी बहन से शादी करने का दबाव बनाने की बात भी सामने आई है, जिससे परिवार में तनाव बना हुआ था। परिजनों के अनुसार दुर्गावती ने चार माह पूर्व बच्चे को जन्म दिया था, लेकिन इसके बाद भी उत्पीड़न जारी रहा। आरोप है कि 15 अप्रैल 2026 को ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की और बाद में गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष मौके पर पहुंचा, लेकिन उन्हें घर में प्रवेश नहीं करने दिया गया और शव तक नहीं देखने दिया गया। मामले को लेकर मृतका के परिजनों ने महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डीईओ को मुख्यालय पाबंद करने की मांग, शिक्षकों की लंबित समस्याओं पर संघ का ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों की महीनों से लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ ने डीईओ प्रारंभिक को मुख्यालय पर पाबंद करने और नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश जारी करने की मांग उठाई है।

संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर ने सीडीईओ महेश कुमार मंगल को दिए ज्ञापन में बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) रामेश्वर दयाल मुख्यालय पर नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते हैं। उनके अप-डाउन के कारण कार्यालय में तय समय पर कार्य नहीं हो पाता, जिससे शिक्षकों और स्कूलों की समस्याओं का समाधान महीनों तक लंबित रहता है। इससे विभाग और सरकार की छवि पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। संघ के पूर्व प्रांतीय महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि डीईओ कार्यालय की उदासीनता के चलते जिले के स्कूलों को अन्नपूर्णा दूध योजना की राशि 1 जुलाई से अब तक नहीं मिली है। वहीं धौलपुर और राजाखेड़ा ब्लॉक के सैकड़ों स्कूलों को पिछले वर्ष 1 नवंबर से मिड-डे मील योजना के तहत पोषाहार राशि और वर्कर्स के मानदेय का बजट भी जारी नहीं हुआ है। इससे स्कूलों पर हजारों रुपए की उधारी हो गई है और योजनाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है। संघ के प्रवक्ता भानु प्रताप परमार ने बताया कि जनवरी में स्थायीकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए थे, लेकिन अब तक आदेश जारी नहीं किए गए हैं, जबकि नियमानुसार 20 दिन में आदेश जारी होने चाहिए। इससे शिक्षकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। संघ ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि डीईओ प्रारंभिक के पास डाइट प्रिंसिपल का अतिरिक्त कार्यभार भी है, लेकिन इसके बावजूद वे मुख्यालय पर नहीं रुकते और भरतपुर से आना-जाना करते हैं। संघ ने मांग की है कि उन्हें मुख्यालय पर रुकने के निर्देश दिए जाएं और दोनों कार्यालयों में बैठने का समय व दिन निर्धारित किया जाए, ताकि दूरदराज से आने वाले शिक्षकों को समस्याएं रखने में सुविधा हो सके। संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

## जनसुनवाई कैंप में अधिकारियों को सख्त निर्देश, बिजली-पानी व सफाई व्यवस्था सुधारने पर जोर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पंचायत समिति प्रांगण स्थित बीसी रूम में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई कैंप में आमजन की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए एसडीओ ने विद्युत विभाग के सहायक अभियंता को निर्देशित किया कि उपखंड क्षेत्र में बिजली सप्लाई सुचारू रूप से जारी रखी जाए। साथ ही ढीले व क्षतिग्रस्त तारों और ट्रांसफार्मरों की नियमित जांच कर उन्हें दुरुस्त किया जाए। विभाग में लंबित फाइलों, बिल, मांगपत्र और लोड संबंधी शिकायतों का समय पर निस्तारण करने के भी निर्देश दिए गए। जलदाय विभाग को पेयजल संकट को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही खराब पड़े हैंडपंपों की सूची बनाकर उन्हें शीघ्र दुरुस्त करने तथा जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने को कहा गया। विकास अधिकारी को प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर साफ-सफाई, पेंशनधारकों का सत्यापन और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। वहीं तहसीलदार को राजस्व प्रकरणों, फार्मर रजिस्ट्री, जनगणना कार्य और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कर रिकॉर्ड में इंद्राज करने के निर्देश दिए गए। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने, मातृ-शिशु स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, कैंसर व सिकल सेल स्क्रीनिंग तथा टीबी मुक्त भारत अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीएमजेएवाई कार्ड बनाने और वितरण पर भी जोर दिया गया। नगरपालिका प्रशासन को शहरी क्षेत्र में ड्रेनेज व्यवस्था दुरुस्त करने, जलभराव वाले स्थानों पर गंदगी की निकासी, अतिक्रमण हटाने, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। खाद्य विभाग को एनएफएसए पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, ई-केवाईसी व आधार सीडिंग पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रधानमंत्री मातृ योजना के तहत पंजीयन और लाभ वितरण तथा पोषण पखवाड़े के तहत अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निर्धारित समय में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में शहरी स्वास्थ्य विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिस पर नाराजगी भी जताई गई।



# आमिर खान प्रोडक्शंस की 'एक दिन' से साई पल्लवी कर रही हैं अपना बॉलीवुड डेब्यू, परफॉर्मेंस में देखने मिलेगा रॉ केमिस्ट्री' और इमोशंस का जादू

**साई पल्लवी की हिंदी डेब्यू फिल्म एक दिन में देखने मिलेगी उनकी इमोशनल डेप्थ और रॉ केमिस्ट्री की झलक**

जब से साई पल्लवी और जुनैद खान स्टारर एक दिन का ट्रेलर और गाने रिलीज़ हुए हैं, आमिर खान प्रोडक्शंस की इस फिल्म ने जबरदस्त बज क्रिएट कर दिया है।

अरिजीत सिंह की रूहानी आवाज़ ने फिल्म के संगीत में जो जान फूंकी है, उसने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता को और भी ज्यादा बढ़ा दिया है।

आमिर खान प्रोडक्शंस की एक दिन, जिसमें साई पल्लवी और जुनैद खान नज़र आने वाले हैं, एक प्यारी, जादुई और दिल को छू लेने वाली प्रेम कहानी का वादा करती है जिसने पहले ही दर्शकों का ध्यान खींच लिया है। अपने दिलचस्प ट्रेलर और सुकून देने वाले संगीत के साथ, फिल्म ने उत्साह को और बढ़ा दिया है, जो रोमांस का एक ऐसा ताज़ा अंदाज़ पेश करती है जिसे कई लोग बड़े पर्दे पर मिस कर रहे थे।

फैंस विशेष रूप से साई पल्लवी को एक दिन के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखते देखने के लिए उत्साहित हैं। रिलीज़ से पहले, इंडस्ट्री के एक सूत्र ने स्क्रिप्ट पर साई के रिएक्शन और फिल्म की गहरी केमिस्ट्री और इमोशनल गहराई के बारे में खुलासा किया है।

इंडस्ट्री के सूत्र ने बताया, 'जब से साई ने एक दिन की स्क्रिप्ट सुनी, उनका रिएक्शन तुरंत 'हाँ' था, वह पूरी तरह से इसकी ओर खिंची चली आईं। वह फिल्म की रॉ केमिस्ट्री और इमोशनल गहराई से गहराई से जुड़ गईं, और उन्हें लगा कि यह एक ऐसी कहानी है जो वास्तव में सबसे अलग है!'

ट्रेलर में उनके किरदार की झलक देखने को मिली, जिसमें साई पल्लवी, जुनैद के किरदार के विपरीत काफी शांत और आत्मविश्वासी नज़र आ रही हैं। उनकी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और नैचुरल परफॉर्मेंस साफ तौर पर बताती है कि वह क्यों साउथ की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं और अब हिंदी सिनेमा में अपनी छाप छोड़ रही हैं।

एक दिन एक लंबे अंतराल के बाद आमिर खान और फिल्म निर्माता मंसूर खान को फिर से साथ लाती है, जो हिंदी सिनेमा की सबसे पसंदीदा क्रिएटिव जोड़ियों में से एक है। साथ मिलकर, उन्होंने दर्शकों को 'कयामत से कयामत तक', 'जो जीता वही सिकंदर', 'अकेले हम अकेले तुम' और 'जाने तू... या जाने ना' जैसी यादगार फिल्में दी हैं। एक दिन के साथ, यह जोड़ी रोमांस जॉनर में वापसी कर रही है, जिससे फैंस के बीच नया उत्साह पैदा हो गया है।

उनके एक बार फिर साथ आने ने उत्सुकता बढ़ा दी है, और दर्शक उस जादू को बड़े पर्दे पर फिर से देखने के लिए बेताब हैं।

आमिर खान प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी एक दिन में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है और निर्माण आमिर खान, मंसूर खान और अपर्णा पुरोहित द्वारा किया गया है। यह फिल्म 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।



# साउथ में मिले प्यार पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने की बात

**अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपने करियर और आगामी प्रोजेक्ट पर बात की। इसी के साथ उन्होंने उन खास अवसरों को लेकर भी चर्चा की, जो हाल के दिनों में फिल्म इंडस्ट्री में महिला कलाकारों को मिले हैं। बातचीत में तमन्ना ने अपने आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर खुशी जाहिर की और कहा, 'मैं अपने सभी प्रोजेक्ट्स के एक-एक करके रिलीज होने को लेकर बेहद खुश हूं'।**

तमन्ना भाटिया ने इंडस्ट्री में खुद को मिलने वाले काम के मौकों के प्रति खुशी जताई। साथ ही कहा कि अधिकांश सितारों को ऐसे मौके नहीं मिलते, खासकर महिलाओं को। तमन्ना ने कहा, 'यह बहुत दिलचस्प है। ज्यादातर कलाकारों को और शायद खासकर महिला कलाकारों को इस तरह का मौका नहीं मिलता। मेरे करियर को 21 साल हो चुके हैं, लेकिन मुझे अब भी ऐसा लगता है जैसे मैं फिर से बिल्कुल नए सिरे से शुरुआत कर रही हूं'।

अभिनेत्री ने साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में मिले बेशुमार प्यार और स्वीकार्यता पर अपनी बेहद खुशी भी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'एक एक्टर के तौर पर मुझे भी इसमें एक ताजगी का एहसास होता है। और, मुझे लगता है कि दर्शक भी लगातार मेरे प्रति बहुत प्यार और अपनापन दिखा रहे हैं। उन्होंने मुझे सचमुच बहुत ही प्यार से अपनाया है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि भारत के साउथ में मुझे बहुत ज्यादा स्वीकार्यता मिली है'।

## तमन्ना भाटिया की आगामी फिल्म

तमन्ना ने आगे कहा, 'भारत के बाकी सभी हिस्सों से भी मुझे जिस तरह का प्यार और अपनापन मिल रहा है, वह मेरे लिए सचमुच रोमांचक है। साथ ही बहुत विनम्र कर देने वाला अनुभव है। और इसलिए, मैं लगातार ऐसे तरीके ढूंढ रही हूं, जिनसे मैं इस प्यार को किसी न किसी रूप में वापस लौटा सकूं'। वर्क फ्रंट की बात करें तो तमन्ना भाटिया दीपक मिश्रा और अरुणाभ कुमार की फिल्म 'वीवन' में नजर आएंगी। एकता कपूर द्वारा प्रोड्यूस की गई इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा भी हैं। यह फिल्म इस साल रक्षाबंधन के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# आदिवी शेष ने की अपनी को-एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर की तारीफ

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर तेलुगु-हिंदी फिल्म 'डकैत: एक प्रेम कथा' में नजर आ रही हैं। इस फिल्म में उनके साथ आदिवी शेष प्रमुख भूमिका में हैं। अब आदिवी शेष ने मृणाल की जमकर तारीफ की है और उन्हें फिल्म के लिए सबसे अच्छी चीजों में से एक बताया है। हालांकि, मृणाल की फिल्म में एंट्री एक अन्य एक्ट्रेस के फिल्म से बाहर होने के बाद हुई है।

बातचीत के दौरान आदिवी शेष ने मृणाल ठाकुर की तारीफ करते हुए कहा कि मैंने आज तक जितने भी लोगों से मुलाकात की है, उनमें से वह सबसे ज्यादा जमीन से जुड़ी हुई हैं। जब भी हम सीन पर चर्चा करते थे, वह सचमुच जमीन पर बैठ जाती थीं। वह एक बेहद खूबसूरत अभिनेत्री हैं और मुझे लगा कि उन्होंने जो कुछ भी किया, वह कमाल का था। उनकी आंखों में जो सहानुभूति और भाव झलकते हैं, वैसा मैंने पहले कभी नहीं देखा। स्क्रीन पर उन्हें देखते ही लोगों के साथ एक झटपट जुड़ाव महसूस होता है।

शूटिंग के शुरुआती दिनों को याद करते हुए आदिवी शेष ने कहा कि पहले कुछ दिनों तक मृणाल हर दिन अलग मूड में सेट पर आती थीं। हमें समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। एक दिन वह खुश और चुलबुली होती थीं और अगले ही दिन गंभीर हो जाती थीं। हालांकि, तीसरे दिन मुझे एहसास हुआ कि वह बस सीन के हिसाब से प्रतिक्रिया दे रही थीं। वह सेट पर आने से पहले ही तैयारी कर रही थीं और वास्तव में उस किरदार के मूड में ढल रही थीं, जिसे वह निभाने वाली थीं।



# जेलर 2 से क्यों अलग हुए शाहरुख खान

शाहरुख खान और रजनीकांत, दोनों अपनी अपकमिंग फिल्मों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच खबर आई कि शाहरुख खान और रजनीकांत पर्दे पर एक-साथ नजर आ सकते हैं। खबरें थीं कि शाहरुख खान फिल्म 'जेलर 2' में कैमियो करने वाले थे। हालांकि ताजा अपडेट में पता चला है कि शाहरुख खान ने इस प्रोजेक्ट से खुद को अलग कर लिया है। अब अभिनेता अपनी अपकमिंग फिल्म 'किंग' पर ध्यान देना चाहते हैं। 'जेलर 2' के मेकर्स ने खान से एक कैमियो रोल के लिए संपर्क किया था। इसकी शूटिंग में लगभग 5 दिन लगते। शुरू में एक्टर इसके लिए तैयार थे। हालांकि, खान ने अपने ऑनस्क्रीन प्रेजेंस की खासियत बनाए रखने के लिए इसे मना कर दिया। बताया जाता है कि खान ने खुद रजनीकांत से बात की और भविष्य के किसी प्रोजेक्ट पर साथ काम करने की अपनी इच्छा जाहिर की।

## 'किंग' के लिए खास लुक

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खान ने गुजारिश की थी कि 'जेलर 2' की रिलीज 'किंग' के बाद रखी जाए। इसकी वजह यह थी कि वह चाहते थे कि उनका अपीयरेंस सिर्फ उसी फिल्म के लिए खास रहे। 'किंग' में उनका एक खास लुक है। वह नहीं चाहते कि उससे पहले किसी और फिल्म में उनका वैसा ही लुक हो। 'जेलर 2' के मेकर्स ने इसे अगस्त में रिलीज करने का प्लान बनाया था।

## मेकर्स कैमियो पर कर रहे विचार


मेकर्स अब कैमियो रोल के लिए दूसरे विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। हाल ही में, मेकर्स ने घोषणा की थी कि फिल्म लगभग पूरी होने वाली है और यह प्रोजेक्ट अपने पोस्ट-प्रोडक्शन के अंतिम चरण में पहुंच गया है। शाहरुख खान की 'किंग' 24 दिसंबर 2026 को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। इसके निर्देशक सिद्धार्थ आनंद हैं। इसमें दीपिका पादुकोण, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ और अरशद वारसी जैसे कई बड़े कलाकार शामिल हैं। इसमें शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान भी होंगी।



# विक्रांत मैसी ने किया खुलासा क्यों लिया था फिल्मों से ब्रेक

एक्टर विक्रांत मैसी ने दिसंबर 2024 में अपने फैंस को चौंका दिया था, जब उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने का ऐलान किया। इसके बाद इंडस्ट्री के प्रेशर और नेपोटिज्म को लेकर कई तरह की चर्चाएं होने लगीं। लेकिन अब विक्रांत ने साफ किया है कि उन्होंने यह फैसला क्यों लिया था। विक्रांत ने अपनी पत्नी शीतल ठाकुर के साथ परिणीति चोपड़ा के शो 'मॉम टॉक्स' में पैरेंटहुड के अपने अनुभव शेयर किए। उन्होंने बताया कि वर्धान के जन्म के समय उनका काम बहुत ज्यादा था, जिससे वह शारीरिक और मानसिक रूप से थक गए थे। इसी वजह से उन्होंने परिवार को प्राथमिकता देने का फैसला लिया। उन्होंने कहा, 'आप जानते हैं कि हम खुद को इमोशनल, शारीरिक और मानसिक रूप से कितना देते हैं। एक नए पिता के तौर पर मेरा ध्यान हमेशा घर पर ही रहता था। मैंने ये तक नहीं सोचा कि मैं क्या कर रहा हूं या क्यों कर रहा हूं। मैं बस अपने काम जल्दी खत्म करना चाहता था ताकि वर्धान और शीतल के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता सकूं।'






# भारतीय सिनेमा का गर्व: 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' का एनेसी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ सिलेक्शन

बाहुबली फ्रैंचाइज़ी, जिसमें 'बाहुबली: द बिगिनिंग' और 'बाहुबली: द कंक्लूजन' जैसी दो मेगा ब्लॉकबस्टर फिल्में शामिल हैं, भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े ब्रांड्स में से एक है। यह दुनिया भर में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय सामग्री में से एक है और इसकी अपनी एक अलग पहचान है। जहाँ थिएटरों में इसने रिकॉर्ड तोड़े और नए बेंचमार्क सेट किए, वहीं अब मेकर्स इसे 'बाहुबली: द इटरनल वॉर' के साथ एक नए लेवल पर ले गए हैं, जिसके टीज़र ने ही ग्लोबल लेवल पर लहर पैदा कर दी है। अब एक और बड़ा ग्लोबल इम्पैक्ट डालते हुए, इस फिल्म को प्रतिष्ठित एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल के लिए चुना गया है।

'बाहुबली: द इटरनल वॉर' अपनी रिलीज से काफी पहले ही दुनिया भर में चर्चा बटोर रही है। एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल के 'वर्क इन प्रोग्रेस' (Work in Progress) सेगमेंट में चुने जाने के साथ, यह फिल्म उन चुनिंदा भारतीय एनिमेशन फिल्मों में शामिल हो गई है जिन्हें इस प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म पर दिखाया जाएगा। खास बात यह है कि 'स्पाइडर-वर्स' और 2025 में बेस्ट एनिमेशन का ऑस्कर जीतने वाली फिल्म 'फ्लो' (Flow) भी इसी सेगमेंट का हिस्सा रह चुकी हैं, जो बाहुबली फ्रैंचाइज़ी के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

'बाहुबली: द इटरनल वॉर' के मेकर्स ने जो टॉप-नॉच क्वालिटी और टेक्निकल बारीकियां हासिल की हैं, वे टीज़र में ही साफ़ नज़र आ रही थीं। इसके साथ ही, इस फ्रैंचाइज़ी ने निश्चित रूप से भारतीय एनिमेशन सिनेमा के स्तर को ऊपर उठाया है और वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत छाप छोड़ी है।

एनेसी इंटरनेशनल एनिमेशन फिल्म फेस्टिवल हर साल जून के आखिरी हफ्ते में फ्रांस के एनेसी शहर में होता है। यह अलग-अलग तकनीकों (ट्रेडिशनल, कट-आउट, क्लेमेशन, CGI, आदि) से बनी एनिमेटेड फिल्मों के बीच एक कॉम्पिटिशन है। फेस्टिवल के दौरान, शहर के सिनेमाघरों में फिल्मों की स्क्रीनिंग के अलावा, शहर के केंद्र में झील और पहाड़ों के बीच 'पाक्वियर' (Pâquier) पर एक ओपन-एयर नाइट प्रोजेक्शन भी आयोजित किया जाता है। फेस्टिवल के टॉपिक के हिसाब से विशाल स्क्रीन पर क्लासिक या हालिया फिल्में दिखाई जाती हैं। शनिवार शाम को सभी पुरस्कार विजेताओं के नामों की घोषणा की जाती है।

'बाहुबली: द इटरनल वॉर' दो भागों वाला एक एनिमेटेड महाकाव्य है, जिसका निर्देशन पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता ईशान शुक्ला ने किया है। पार्ट 1 का टीज़र पहले ही रिलीज़ हो चुका है और फिल्म 2027 में रिलीज़ होने वाली है।

# सुमेरपुर में मिलावट माफिया पर पुलिस का 'सर्जिकल स्ट्राइक': 141 टीन नकली घी जब्त, 3 गिरफ्तार, सरगना फरार

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(पाली)।** मिलावटखोरी के काले साम्राज्य पर सुमेरपुर पुलिस ने ऐसा करारा प्रहार किया है, जिसने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। 'शुद्ध के लिए युद्ध' अभियान के तहत पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली घी बनाने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। इस धाकड़ ऑपरेशन में 141 टीन नकली घी, सैकड़ों लीटर डुप्लीकेट माल और नामी कंपनियों की फर्जी पैकिंग बरामद हुई है। नए एसपी मोनिका सेन की सख्त मॉनिटरिंग और जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सुमेरपुर सिटी थाना प्रभारी सवाई सिंह के नेतृत्व में पुलिस, ष्ठस्ज्ञ और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने संजय नगर में छापा मारकर इस 'जहरीले खेल' का पर्दाफाश किया।




### 8 घंटे चला ऑपरेशन, फैक्ट्री सील:

नवनियुक्त एसपी सेन के जॉइनिंग के बाद सुमेरपुर में लंबे समय के बाद पहली कार्रवाई को अंजाम दिया है। करीब 8 घंटे तक चली इस हाई-वोल्टेज कार्रवाई में पुलिस को मौके पर पूरा सेटअप चालू हालत में मिला। अवैध फैक्ट्री में पाम ऑयल और हानिकारक केमिकल मिलाकर नकली घी तैयार किया जा रहा था। टीम ने तुरंत फैक्ट्री को सील कर मशीनरी, पैकिंग सामग्री और फर्जी लेबल जब्त कर लिए।

ब्रांडेड नामों पर बेचा जा रहा था 'धीमा जहर': जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह 'सरस', 'अमूल', 'नोवा' और 'कृष्णा' जैसे बड़े ब्रांड्स के नाम पर फर्जी पैकिंग कर बाजार में नकली घी खपा रहा था। आमजन की सेहत के साथ खुलेआम खिलवाड़ करते हुए यह गिरोह लंबे समय से करोड़ों का खेल खेल रहा था।

### तीन आरोपी दबोचे, मास्टरमाइंड फरार:

पुलिस ने मौके से हरीओम (48), खुशाल (34) और पर्वतसिंह (47) को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि गिरोह का मुख्य सरगना अभी फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

### कड़ी धाराओं में केस दर्ज

मामले में बीएनएस, कॉपीराइट एक्ट और फूड सेफ्टी एक्ट के तहत सख्त धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। ट्रेडमार्क के दुरुपयोग को लेकर भी अलग कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### एसपी का साफ संदेश: अब नहीं बचेगा कोई:

एसपी मोनिका सेन ने दो टूक कहा कि जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ अब आर-पार की लड़ाई है। मिलावट माफिया का पूरी तरह सफाया किया जाएगा।

### पूरे इलाके में मचा हड़कंप, नेटवर्क खंगाल रही पुलिस:

इस कार्रवाई के बाद सुमेरपुर ही नहीं, आसपास के क्षेत्रों में भी मिलावट कारोबारियों में दहशत फैल गई है। पुलिस अब इस गिरोह के पूरे नेटवर्क, सप्लाई चेन और अन्य ठिकानों को खंगालने में जुट गई है।

## जाखोड़ा में सड़क की मांग तेज, मंत्री को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती जाखोड़ा गांव में सड़क समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा सामने आया है। गुरुवार को ग्रामीणों ने राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत से मुलाकात कर जाकोड़ा बस स्टैंड से बिलेश्वर महादेव मंदिर तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि बस स्टैंड से मंदिर तक का मार्ग वर्तमान में ग्रेवल सड़क है, जो बारिश के दिनों में बदहाल हो जाती है। मार्ग पर जलभराव की गंभीर स्थिति बन जाती है, जिससे देवासियों के वास क्षेत्र में पानी भर जाता है और आवागमन पूरी तरह प्रभावित होता है। ग्रामीणों ने इस मार्ग को पक्की सड़क के रूप में स्वीकृत कराने की मांग करते हुए कहा कि यह ग्राम आबादी से सटा मुख्य रास्ता है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कैबिनेट मंत्री कुमावत ने ग्रामीणों को समस्या के समाधान का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने की बात कही। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि इंद्र सिंह जाखोड़ा, निंबाराम, केसाराम, देवाराम, गेनाराम, वजाराम, पोछाराम, हिराराम, गणेशराम, हरीश, दलपत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जालोर में किया पुलिस शहीद स्मारक का लोकार्पण

### पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को किया नमन

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने गुरुवार को जालोर पहुँचे, जहाँ उन्होंने पुलिस लाइन जालोर स्थित पुलिस शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने विधिवत् रूप से पट्टिका का अनावरण कर पुलिस शहीद स्मारक का लोकार्पण किया। उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद हुए पुलिस के जवानों के शौर्य व बलिदान को याद करते हुए नमन किया। आपको बता दें कि इस दिवस स्मारक का निर्माण तीखी निवासी भामाशाह रमेश जैन ने करवाया है। जैन ने इससे पहले कोतवाली के समीप पुराने मिलिट्री टैंक को भी स्थापित करवाया था। गुरुवार को कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इंदोलिया, भूपेन्द्र देवासी, दानाराम चौधरी, कानाराम परमार, भामाशाह रमेश कुमार जैन सहित पुलिसकर्मी व नागरिक उपस्थित रहे।



## स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरु मंदिर का वर्षगांठ महोत्सव आज



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** स्वामी आत्मानंद सरस्वती गुरु मंदिर, रेलवे ब्रिज के पास आहोर रोड के प्रतिष्ठा महोत्सव की पंद्रहवीं वर्षगांठ 17 व 18 अप्रेल को धूमधाम से मनाई जाएगी। वर्षगांठ की तैयारियां पूरी कर ली गई है। वर्षगांठ पर ब्रह्मलीन स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज व ब्रह्मलीन स्वामी मोहनानंद सरस्वती महाराज का स्मरण किया जाएगा। इसके साथ ही, ब्रह्मलीन स्वामी मोहनानंद महाराज की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव की बारहवीं वर्षगांठ भी धूमधाम से मनाई जाएगी। ट्रस्ट के महामंत्री नैनसिंह सांकरणा ने बताया कि वर्षगांठ को लेकर शुक्रवार शाम से भक्तों का आगमन होगा। रात्रि 9 बजे से भजन गायकों की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन18 अप्रेल को सवेरे गुरुमंदिर व समाधि छत्री पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके उपरांत गुरुवार को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी, जिसके बाद महाआरती और महाप्रसादी का वितरण होगा। महोत्सव के गादीपति स्वामी रामानन्द महाराज, ट्रस्ट अध्यक्ष दण्डी स्वामी देवानन्द सरस्वती, स्वामी ब्रह्मानंद महाराज समेत गुरुदेव के शिष्यो के सान्निध्य में वर्षगांठ का आयोजन धूमधाम से होगा।

## 'विकास' के नाम पर खाली कुर्सियां: पालिका के शिविर फ्लॉप, जनता का फूटा गुस्सा

### काम ठप, दावे टॉप—विजन 2047 की बातों पर लोगों ने उठाए तीखे सवाल




जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(कास)।** नगर पालिका सुमेरपुर का 'विकसित शहर अभियान' अब हकीकत से ज्यादा दिखावा साबित होता नजर आ रहा है। वार्डों में लगाए जा रहे शिविरों की पोल खुद खाली कुर्सियां खोल रही हैं, काम नहीं होने से लोग इतने नाराज हैं कि शिविरों से दूरी बना रहे हैं। गुरुवार को वार्ड 22 व 23 में मल्लेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित शिविर में गिनी-चुनी मौजूदगी ने साफ संकेत दे दिया कि जनता का भरोसा पालिका से उठ चुका है। जो लोग पहुंचे भी, उन्होंने खुलकर नाराजगी जताई, कहा कि 'शहर में कचरा, टूटी सड़कें, जाम नालियां और पानी की किल्लत जस की तस है, और पालिका हमें 2047 का सपना दिखा रही है!'

### जमीन पर जीरो, कागजों में हीरो शिविर में:

अधिकारियों ने वर्ष 2030, 2035 और 2047 तक की योजनाओं का खाका पेश किया, लेकिन जनता ने दो टूक सवाल दागा, 'आज की बदहाली नहीं सुधर रही, तो भविष्य की बातें किस काम की?' लोगों का आरोप रहा कि पालिका केवल बैठकों और कागजी योजनाओं तक सीमित है, जबकि धरातल पर हालात बदतर होते जा रहे हैं।

### मौजूद अफसर, गायब जवाब:


शिविर में अधिकारी और जनप्रतिनिधि तो मौजूद रहे, लेकिन जनता के तीखे सवालों के बीच कोई ठोस समाधान या समयसीमा सामने नहीं रखी गई। इससे लोगों का गुस्सा और बढ़ गया। शुक्रवार को वार्ड 24 में अगला शिविर प्रस्तावित है, लेकिन हालात देखकर साफ है—अगर काम नहीं हुआ, तो वहां भी कुर्सियां खाली ही नजर आएंगी।

### जनता की सीधी बात:

जब शहर गंदगी और बदहाली से जूझ रहा हो, तब 'विजन' की बातें जनता को छलावा ही लगती हैं। अब लोगों को भाषण नहीं, काम चाहिए, वरना ये शिविर यूं ही फ्लॉप होते रहेंगे।

## मारू कुम्हार समाज के सामूहिक विवाह की तैयारियां जोरों पर

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** आगामी आखातीज रविवार को श्रीयादे सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित मारू कुम्हार समाज के सामूहिक विवाह की तैयारियां जोर शोर से जारी है । संस्थान सचिव किशोर देवड़ा ने बताया कि बुधवार रात को प्रजापत छात्रावास में संस्थान अध्यक्ष नरपतलाल आर्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सामूहिक विवाह की तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करते हुए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। ताकि विवाह कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हो सके। इस हेतु चँवरी मंडप व तोरण व्यवस्था कमेटी में फ़ुलाराम सियोटा, भानाराम देवड़ा, गोकुल देवड़ा, सुरेश पोनेचा व मोहन सियोटा,पंचों की जाजम व्यवस्था कमेटी में चंपालाल देवड़ा,सुरेशकुमार बड़वाल, वचनाराम देवड़ा व शांतिलाल सियोटा, मंच संचालन व्यवस्था कमेटी में नरपत आर्य, ओमप्रकाश आर्य व महेंद्र राठौड़, रोकड़ शाखा कमेटी में कन्हैयालाल मेवाडा, शंकरलाल देवड़ा, ललित देवड़ा व मदनलाल मेवाडा, चाय-पानी व्यवस्था कमेटी में विक्रम देवड़ा, पुखराज टांक व भगवानाराम बड़वाल, कन्यादान सामग्री वितरण व्यवस्था कमेटी में शांतिलाल पोनेचा, श्याम देवड़ा, महेन्द्र मेवाडा और नरेन्द्र सियोटा, भोजन व्यवस्था कमेटी में किशोर देवड़ा , डायाराम बड़वाल,उत्तम देवड़ा, मुकेश देवड़ा, प्रवीण मारू व रवि देवड़ा और एम मीडिया कवरेज कमेटी में हितेश माल को ज़िमेदारी दी गई । किशोर देवड़ा ने बताया कि अब तक हुई तैयारियों के तहत सामूहिक विवाह में भाग लेने वाली 12 कन्याओं के परिवारजनों को आमंत्रण पत्रिकाओं का वितरण किया जा चुका है। तथा अब तक के पूर्व व वर्तमान के भामाशाहों, विज्ञापनदाताओं, कन्यादान सामग्री के सहयोगियों, समाज के पंच पटेलों और अधिकारी- कर्मचारी गणों को भी आमंत्रण पत्रिका देकर आमंत्रित किया गया है। सामूहिक विवाह स्थल भी टेंट से सजने लगा है।

## ग्रेनाइट एसोसिएशन ने डीआरएम को ज्ञापन देकर रेल विस्तार की मांग

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जालोर ग्रेनाइट एसोसिएशन ने डीआरएम को ज्ञापन देकर समदड़ी- जालोर- भीलडी रेलखंड पर रेल सुविधाओं में विस्तार, जालोर रेलवे स्टेशन की समस्याओं के समाधान एवं जालोर फालना रेल लाइन प्रारंभ करने को लेकर मांग रखी। सचिव अरविंद चौधरी के मुताबिक ज्ञापन में बताया कि समदडी-भीलडी सेक्शन के अंतर्गत जालोर ग्रेनाईट सिटी ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात है और राजस्थान का एक महत्वपूर्ण औद्योगिक, व्यापारिक क्षेत्र है। वर्तमान में समदड़ी- जालोर-भीलडी रेलखंड पर रेल सेवाएं अत्यंत सीमित होने के कारण यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जालोर में बड़ी संख्या में ग्रेनाईट व्यापारी सम्पुर्ण भारत से यहां पर ग्रेनाईट खरीदने के लिए आते है, परंतु पर्याप्त रेल सेवाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें अन्य साधनों से यात्रा करनी पड़ती है। ऐसे में शीघ्र ही जोधपुर/बाडमेर से समदड़ी-जालोर-भीनमाल-भिलड़ी-पाटन के रास्ते मुम्बई, पुना, बेंगलुरू, मैसुर, गुवाहटी, मदुराई, चेन्नई, तिरवन्तपुरम, कोलकाता, भुवनेश्वर, विशाखापटनम, हैदराबाद, इन्दोर, भोपाल, रायपुर, नागपुर, पटना आदि व अहमदाबाद / गाधीधाम से पाटन- मिलड़ी- जालोर रेल लाईन पर दिल्ली कानपुर, आगरा, लखनऊ, अमृतसर व जम्मू कश्मीर आदि के लिए नई ट्रेने शुरू करने की मंजूरी देकर इस अविकसित क्षेत्र को विकास की और अग्रसर करने की जरूरत है। जालोर से मुंबई दिल्ली अहमदाबाद वंदे भारत स्लीपर कॉच यात्रियों के लिए सुगम रेल सेवा शुरू करवाने की भी मांग रखी। इसके अतिरिक्त जालोर से फालना के बीच नई रेल लाइन प्रारंभ किए जाने की भी लंबे समय से मांग चली आ रही है व इस मार्ग का सर्वे भी हो चुका है। जालोर से फालना रेल संपर्क स्थापित होने से जालोर जिले का सीधा संपर्क देश के प्रमुख रेल मार्गों से हो सकेगा, जिससे यात्रियों, व्यापारियों एवं उद्योगों को अत्यंत लाभ प्राप्त होगा।



## 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जांच शिविर आयोजित

### जसवंतपुरा ब्लॉक के डोरडा में डिजिटल एक्स-रे से टीबी जांच



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** ।100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में टीबी उन्मूलन को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर निरंतर विशेष जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से आमजन की स्वास्थ्य जांच के साथ टीबी के संभावित रोगियों की समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. असीम परिहार ने बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में चरणबद्ध तरीके से शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें हैंड हेल्ड डिजिटल एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी रोग की जांच की जा रही है। जांच के दौरान चिन्हित संभावित रोगियों को आगे की बलगम जांच व उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर रेफर किया जाता है, ताकि उन्हें शीघ्र उपचार मिल सके। बीसीएमओ प्रशांत सेन ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के क्रम मे गुरुवार को जसवंतपुरा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर डोरडा में विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य कर्मियों की ओर से आमजन की टीबी संबंधी स्क्रीनिंग की गई तथा हैंड हेल्ड डिजिटल मशीन से एक्स-रे कर जांच की गई। साथ ही उपस्थित आमजन को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। डॉ. परिहार ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहना, लगातार बुखार आना, वजन कम होना, रात में पसीना आना व कमजोरी टीबी के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करानी चाहिए। अभियान के अंतर्गत जिले में लगातार जागरूकता गतिविधियों व जांच शिविरों के माध्यम से टीबी रोगियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि टीबी के लक्षणों को नजरअंदाज न करें तथा समय पर जांच व उपचार लेकर टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को साकार करने में सहयोग करें। शिविर में बीएचएस जितेंद्र सिंह, लेब सहायक अनिल कुमार, एआरजी जतिन कुमार, एएनएम भंवरी और आशा सहयोगिनी मनीषा व तिर्जी देवी ने सेवाएं दी।

# भारतीय संस्कृति से जुड़कर सहकार के भाव को प्रबल करें: हरिभाऊ बागड़े

### जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. के नवनिवर्मित प्रधान कार्यालय का लोकार्पण समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स




**जालोर(निस)।** राज्य के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने राजेन्द्र नगर जालोर स्थित जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. के नवनिर्वमित प्रधान कार्यालय का लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर के नवनिर्मित प्रधान कार्यालय के लोकार्पण की शुभकामनाएँ देते हुए सहकारी बैंकिंग संस्थाओं के आम व्यक्ति के जीवन में वित्तीय महत्व के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंक छोटे उद्यमियों, कुटीर उद्योगों, किसानों, मजदूरों, फल-सब्जी के विक्रेताओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवा उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में सहायता देते है। इससे गरीब एवं मध्यम वर्ग को स्वरोजगार का मौका मिलता है। यही सहकार है जो सबको साथ लेकर आगे बढ़ता हैं। राज्यपाल ने सहकारिता क्षेत्र में अपने जीवन के अनुभव व संस्मरण साझा करते हुए डेयरी व कृषि के व्यवसाय में सहकारी संस्थाओं का महत्व बताया। उन्होने कहा कि राज्य में कृषि व डेयरी क्षेत्र में विकास व नवाचार हेतु सहकारिता से जुड़े संस्थानों को पारदर्शिता व कर्मठता से कार्य करने होंगे। इन वित्तीय संस्थानों की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आधिकाधिक संख्या में वंचित वर्ग के लोगों को जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से वर्ष 2014 में शुरू की गई जन-धन योजना के तहत कुल 56 करोड़ नवीन बैंक अकाउंट खोले गए। जिससे आमजन को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का डीबीटी के माध्यम से सीधा लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के पथ पर निरंतर अग्रसर है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में डेयरी के क्षेत्र में सहकारिता की ओर से अच्छा कार्य किया जा रहा है जिसके फलस्वरूप दुग्ध उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने भारतीय शिक्षा पद्धति व ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने तथा भारतीय संस्कृति से जुड़कर सहकार के भाव को प्रबल करने की बात कही।

समारोह में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने सहकारिता के क्षेत्र में गुजरात व महाराष्ट्र मॉडल का अनुसरण करने व गुड प्रेक्टिसेस को बढ़ावा देने की बात कही। जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि. जालोर के अध्यक्ष मोहन पाराशर ने स्वागत उद्बोधन देते हुए बैंक की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। नेशनल अर्बन को-ऑपरेटिव फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कॉपोर्रेशन के अध्यक्ष ज्योतिन्द्र भाई मेहता व नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक एण्ड क्रेडिट सोसायटीज के अध्यक्ष लक्ष्मीदास ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन परमानन्द भट्ट, नूर मोहम्मद व एम.एल.गुर्जर ने किया।

लोकार्पण समारोह में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इंदोलिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर भीनमाल डॉ. पूजा सक्सेना, भूपेन्द्र देवासी, दानाराम चौधरी, दीपसिंह धनानी, गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, रवि सोलंकी, बैंक के उपाध्यक्ष ललित दवे, मंजू सोलंकी, सुरेश सोलंकी, दिनेश महावर, महेश भट्ट, रतन सुथार, अमन मेहता सहित बैंक के पदाधिकारी व सदस्य सहित आम नागरिक उपस्थित रहे।

राजस्थान राज-पत्र मई 26, 2023

सत्यमेव जयते

**नाम/उपनाम/सरनेम परिवर्तन करने का बन्ध-पत्र**

राजस्थान सेवा नियम, वित्त विभाग के आदेश सं.एफ.1/12/एस.डी.ई.आर.187, दिनांक 10-4-57 की अनुपालना में।
इस बन्ध-पत्र द्वारा मैं निम्न हस्ताक्षरकर्ता मिनाली भांवरा (नया नाम) जो अभी इससे पूर्व छोटी मीना (पुराना नाम) कहलाती थी एवं जो छात्रावास अधीक्षक (संबंधित राज्य कर्मचारी द्वारा उस समय धारित किए गये पद का नाम) के रूप में रा.बा.आ.छा. भगवतसर, कांकरिया चाकसू (जयपुर) (स्थान जहां राज्य सरकार के विभाग में नियुक्त) पर नियुक्त थी, एतत्द्वारा
1. स्वयं तथा मेरे पति एवं बच्चे तथा दूर के बच्चे जो पूर्णतया आश्रित हो मेरे पूर्व नाम छोटी उपनाम मीना (सिर्फ) को त्यागती हूँ तथा उसके स्थान पर उसी तारीख से नाम मिनाली तथा उपनाम भांवरा ग्रहण करती हूँ एवं इसलिए मैं, मेरे पति, बच्चे, दूर के बच्चे एतत्द्वारा मेरे पूर्व उपनाम छोटी मीना (केवल) से न जाने जाएं तथा पहचाने जाएं बल्कि मेरे द्वारा ग्रहण किये गये उपनाम भांवरा द्वारा जाने जाएं।
2. उक्त मेरे निश्चय की साक्ष्य के प्रयोजन के लिए घोषणा करती हूँ कि मैं एतद्?पश्चात् सभी समय, निजी या सार्वजनिक सभी अभिलेखों, बंध-पत्रों, प्रलेखों एवं समस्त कार्यवाहियों, व्यवहारों एवं लेन-देनों में तथा सभी अवसरों पर अपने पूर्व नाम छोटी तथा उपनाम मीना (सिर्फ) के स्थान पर एवं उसके परिवर्तन में मिनाली नाम के रूप में तथा भांवरा उपनाम के रूप में प्रयुक्त करूंगी एवं हस्ताक्षर करूंगी।
3. स्पष्टतः एतदपश्चात् तथा सभी समय, सभी व्यक्तियों को मुझे, मेरे पति, मेरे बच्चे, दूर के बच्चों को तद्?नुसार नये रखे नाम मिनाली उपनाम भांवरा के नाम से सम्बोधित करने के लिए प्राधिकृत करती हूँ तथा उसके लिए निवेदन करती हूँ।
इसके साक्षी में, मैंने अपने पूर्व नाम एवं नये नाम छोटी मीना तथा मिनाली भांवरा का वर्णन किया है तथा दिनांक 23.05.2023 को हस्ताक्षर किये है।
हस्ताक्षरित निम्नलिखित की उपस्थिति में उपर्युक्त नाम मिनाली भांवरा द्वारा जो पूर्व में छोटी मीना कहलाती थी, हस्ताक्षर किये हैं।

**साक्षी-**
**1. ममता मीना**
**2. योगिता रावत**

**प्रतिहस्ताक्षर**
**सुमन देवी**
**25.05.2023**

**छोटी मीना**
**हस्ताक्षर**
**नया नाम: मिनाली भांवरा**
**पुराना नाम: छोटी मीना**

**अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पदेन परियोजना अधिकारी (माडा) जिला परिषद, जयपुर।**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
17 अप्रेल, 2026

## सीटेट में तोदी बी.एड. कॉलेज का बेहतर परिणाम



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** केंद्रीय अध्यापक पात्रता परीक्षा (सीटेट) के हाल ही में घोषित परिणाम में श्रीनाथमल तोदी बी.एड. कॉलेज के विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। देशभर में जहां कुल परीक्षा परिणाम 25.68 प्रतिशत रहा, वहीं लेवल द्वितीय का परिणाम 18.56 प्रतिशत ही रहा।महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. बीनू शेखावत ने बताया कि इस परीक्षा में कॉलेज के वर्तमान में अध्ययनरत पांच विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। इनमें बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा हिमांशु कुमारी व सुमन कुमारी तथा चतुर्थ सेमेस्टर की रेखा दैया, आस्था व सुलोचना कुमारी शामिल हैं। इसके साथ ही महाविद्यालय के सात पूर्व विद्यार्थियों ने भी लेवल द्वितीय में सफलता हासिल की है।उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में बी.एड. पाठ्यक्रम के साथ प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षाओं सहित रीट व सीटेट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की नियमित तैयारी करवाई जाती है। इसके चलते यहां के विद्यार्थी लगातार सरकारी सेवाओं में चयनित हो रहे हैं।

## पुलिस स्थापना दिवस पर नीर शर्मा सम्मानित, उत्कृष्ट सेवा के लिए मिला प्रशस्ति पत्र



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान हैड कांस्टेबल नीर शर्मा को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीजू जॉर्ज जोसेफ ने नीर शर्मा को सम्मानित किया, वहीं जिला चूरू पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने उन्हें पुलिस सर्वोच्च सेवा पदक का प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके अलावा अशोक कुमार को पुलिस विभाग में 25 वर्ष की सराहनीय सेवा पूर्ण करने पर सर्वोत्तम सेवा चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसे सम्मान पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में कलक्टर नायक की सख्ती: 84 परिवेदनाएं सुनीं, 10 मामलों का मौके पर निस्तारण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। जिला कलक्टर सन्देश नायक ने स्वयं जनसुनवाई करते हुए 84 परिवेदनाएं सुनीं, जिनमें से 10 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को तत्काल राहत प्रदान की।

जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटाने, पेंशन शुरू करवाने, पेयजल आपूर्ति सुचारू करने, आवासीय पट्टा दिलाने, सड़कों के निर्माण, नामांतरण, जमीन विवाद और कृषि भूमि में रास्ता खुलवाने जैसे कई महत्वपूर्ण मामलों पर सुनवाई हुई। कलक्टर नायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध,



पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कलक्टर ने अधिकारियों को आमजन के प्रति जवाबदेही के साथ संवेदनशीलता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि कई बार योजनाओं की जानकारी के अभाव में लोग परेशान होते हैं। ऐसे में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार जरूरी है, ताकि जरूरतमंदों तक लाभ पहुंच सके। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर जाकर पीड़ितों के समक्ष ही प्रकरणों का समाधान करें।

इस अवसर पर बालमुकुन्दाचार्य (हवामहल विधायक), गोपाल शर्मा (सिविल लाइंस विधायक), अमीन कागजी (किशनपोल विधायक), शिखा मील बराला (चौमूं विधायक), रमा देवी चौपड़ा (जिला प्रमुख) भी मौजूद रहीं। जनसुनवाई में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) आशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (तृतीय) संजय माथुर सहित चिकित्सा व स्वास्थ्य, पुलिस, विद्युत, सार्वजनिक निर्माण, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, कृषि, वन व राजस्व विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए जिला प्रशासन की ओर से नियमित जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। कलक्टर सन्देश नायक की सक्रियता और त्वरित कार्यशैली से आमजन में विश्वास बढ़ा है और लोगों को राहत मिलने लगी है।

# सीबीएसई 10वीं में एमएसजी गुरुकुल बालिका विद्यालय का जलवा

### कोमल कंवर 97.80' के साथ जिला टॉपर, 6 छात्राएं 90' पार



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में इस बार भी छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। एमएसजी हाईटेक गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम देते हुए सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय की होनहार छात्रा कोमल कंवर (पुत्री कुंदन सिंह राठौड़) ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्रिंसिपल हिमांशु रानी ने बताया कि कक्षा 10वीं में कुल 35 छात्राएं अध्ययनरत थीं। इनमें से 6 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 16 छात्राओं ने 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो गुणवत्ता शिक्षा का प्रमाण है।

### टॉपर्स के सम्मान में निकाली भव्य रैली:

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं के सम्मान में विद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इसके बाद डीजे की धुन पर विजयी जुलूस के रूप में रैली निकाली गई, जो मुख्य बाजार, गढ़ कार्यालय, अंबेडकर सर्किल, पुलिस थाना और न्यायालय परिसर से होकर गुजरी। रैली का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। पुलिस थाना परिसर में थानाधिकारी स्वाती बुरी के नेतृत्व में पुलिस स्टाफ ने छात्राओं का अभिनंदन किया। वहीं न्यायालय परिसर में बार संघ अध्यक्ष प्रभुदयाल सहारण के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। मुख्य बाजार में व्यापारियों ने भी छात्राओं पर पुष्प वर्षा कर उत्साहवर्धन किया। स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया और भाजपा नेता राकेश जांगिड़ सहित कई जनप्रतिनिधियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से टॉपर छात्रा को बधाई दी। प्रिंसिपल हिमांशु रानी ने इस सफलता का श्रेय पूज्य गुर गुरमीत राम रहीम को देते हुए कहा कि वर्ष 2012 में लगाए गए शिक्षा के इस पौधे ने आज विशाल वृक्ष का रूप ले लिया है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा ने कहा कि तारानगर लगातार शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है, जो शिक्षकों की मेहनत का परिणाम है। चौधरी एज्यूकेशन ग्रुप के निदेशक राजवीर इंसा, सौरभ छाबड़ा, सह-निदेशिका आम्रपाली इंसा, सच्चे नम्र सेवादार राजपाल, प्रभुदयाल, हनुमान, अध्यापिकाएं रेखा, अमिता, प्रवीण, कांता, पिंकल, पूजा, सुनीता, प्रिया,अंजू, सोनिका, पूजा, पूनम, हर्षिता, बिया सहित विद्यालय स्टाफ, छात्राएं व अभिभावक मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत अलायला में जन सुनवाई कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत अलायला में जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणजनों की पेयजल, बिजली, जनआधार, राशन कार्ड, राजस्व व पंचायती राज से संबंधित कार्यों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने अधिकारियो को आगामी ग्रीष्मकाल के लिए पेयजल की आपूर्ति समुचित करने के लिए निर्देशित किया। जहां पानी की आपूर्ति समय पर नहीं होती हो इसके लिए कंट्रोल रूम बनाकर टैंकरों से पानी की सप्लाई करवाने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि 17 अप्रैल को ग्राम पंचायत भालेरी, 20 अप्रैल को ग्राम पंचायत आनंदसिंहपुरा व 21 अप्रैल को ग्राम पंचायत भनीण में जनसुनवाई व रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपनी समस्याएं जनसुनवाई में रखनी चाहिए जिससे उनका समाधान किया जा सके। जनसुनवाई में प्रशासक धर्मवीर सिंह राठौड़, तहसीलदार हनुमान सिंह, विकास अधिकारी अशोक कुमार,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, पीएचईडी सहायक अभियंता रितु कुमारी सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

# चूरू विधायक हरलाल सहारण, भाजपा नेता पराक्रम सिंह को कांग्रेस नेताओं ने दिखाए काले झंडे

### पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग

## भाजपा नेताओं को नहीं करने दिया उद्घाटन, दोनों पक्षों के बीच हुई हाथापाई







जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ शहर के एन.के. लोहिया स्टेडियम में बुधवार रात स्टेडियम की चारदीवारी निर्माण के उद्घाटन कार्यक्रम से पहले ही माहौल गरमा गया। अधूरी चारदीवारी निर्माण कार्य और स्टेडियम में हुई भर्ती का लोकार्पण करने सम्बंधी शिलापट्ट पर भाजपा से चूरू विधायक हरलाल सहारण का नाम लिखे जाने और शिलापट्ट पर सुजानगढ़ से कांग्रेस विधायक मनोज मेघवाल का नाम अंकित नहीं होने से कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गए। मुख्य कार्यक्रम क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन था, उससे पहले ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध और प्रदर्शन शुरू कर दिया और अधूरे कार्य का उद्घाटन करने के प्रयास को नाजायज बताया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से उप पुलिस अधीक्षक दरजाराम बोस, प्रशिक्षु आरपीएस विनोद कुमार ने प्रदर्शनकारियों से समझाईश के काफी प्रयास किए। लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। दूसरी ओर मामले की जानकारी मिलने पर तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक मौके पर पहुंचे और उनसे जब पुलिस प्रशासन के लोगों और भाजपा नेताओं से बात हुई, तो उन्होंने कहा कि जब काम ही पूरा नहीं हुआ, तो उद्घाटन का शिलापट्ट लगाने का क्या औचित्य है। जिस पर भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने कहा कि सभापति के सेवाकाल पूरा होने के बाद भी कांग्रेस नेताओं ने काफी जगह पत्थर लगाए हैं। जिस पर तहसीलदार ने कहा कि नगरपरिषद के अधिकारियों को बुलाते हैं। इस पर नगरपरिषद की सहायक अभियंता चारवी, एटीपी उदयसिंह मौके पर पहुंचे। लेकिन फिर भी कोई एकराय इस उद्घाटन को लेकर नहीं बनी और कांग्रेस नेता उतरी गेट की तरफ प्रदर्शन करते रहे।

### एक घंटे तक चला प्रतियोगिता का उद्घाटन:

रात्रि करीब साढ़े आठ बजे के बाद गणेश मंदिर के सामने वाले गेट से भाजपा विधायक हरलाल सहारण, चूरू जिला खेल संघ के अध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ स्नेह मिलन रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे। जहां पर हरलाल सहारण और पराक्रम राठौड़ ने ट्रॉफी का अनावरण किया। उसके बाद मंच पर मौजूद विधायक हरलाल सहारण, पराक्रम राठौड़, विक्रमसिंह सांखला, महवीर परावा, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, मंडल भाजपा के अध्यक्ष विनय माटोलिया, सत्यवीर, दिलीप प्रजापत, दीनदयाल पारीक, पवन सोनी, पंकज घासोलिया, नारायण, हरीओम खोड़, गंगाधर लाखन, विक्रमसिंह, श्रीनिवास लिंबा, पवन तोदी, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, गिरधारीलाल बुगालिया आदि अतिथियों का स्वागत किया गया। राजा खान, आसिफ खान, अकरम, विक्की चौहान, शिवभगवान चौहान, भाजपा नेता कमल दाधीच सहित अनेक लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने सुजानगढ़ को खेल स्टेडियम देने की मांग रखी। वहीं जयश्री दाधीच ने स्टेडियम के लिए खिलाड़ियों के संघर्ष को सलाम किया। दूसरी ओर चूरू जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पराक्रम राठौड़ ने कहा कि खेल कांग्रेस-बीजेपी का नहीं है, खेल प्रेमियों का है। विरोध करने वाले लोगों को सोचना चाहिए कि वो क्या कर रहे हैं? उन्होंने स्टेडियम की मांग पर सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया। दूसरी ओर चूरू के विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यही कहना है कि खेलेगा इंडिया, तभी आगे बढ़ेगा इंडिया। उन्होंने आयोजकों को बधाई दी। वहीं भाषण के बाद आतिशबाजी के बीच अतिथियों को मैदान पर ले जाया गया और टॉस करवाकर पराक्रम राठौड़ और हरलाल सहाराण ने बॉल खेलकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उसके बाद राष्ट्रगान के बाद उद्घाटन मैच शुरू हो गया।

## कैसे खड़ा हो गया बवाल, दिखाए काले झंडे

प्रतियोगिता के उद्घाटन के बाद एंकर भाजपा नेता कमल दाधीच ने शिलापट्ट के अनावरण की अनाउंसमेंट कर दी, जिसके चलते सभी अतिथि उस गेट पर पहुंचे गए, जहां पर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पहले से ही विरोध कर रहे थे। हरलाल सहारण और पराक्रम राठौड़ के पहुंचने पर कांग्रेस नेताओं ने खुले रूप से काले झंडे दिखाए और विरोध दर्ज करवाते हुए हरलाल सहारण के सामने ही शिलापट्ट को तोड़ डाला। भारी विरोध के बीच दोनों तरफ के लोगों में छीना झपटी, रस्साकस्सी और जिद बहस हुई। उसके बाद अतिथि स्टेडियम में वापस चले गए। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए स्टेडियम में घुसने का जबरन प्रयास किया, जिनको रोकने के लिए पुलिस बल ने स्टेडियम का गेट बंद कर दिया। इस दौरान पुलिस बल को भी काफी मशक्कत करनी पड़ी और पुलिसकर्मियों के साथ कांग्रेस नेताओं की कहासुनी हुई। कांग्रेस नेता अमित मारोठिया, विजय बटेसर, सौरभ पीपलवा, इकबाल खान कायमखानी, सलीम खान गाजी, सफी मोहम्मद, आसिफ नसवाण, आवेश राव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा विधायक हरलाल सहारण और भाजपा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ को काले झंडे दिखाए। करीब दो मिनट तक पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच संघर्ष जारी रहा। उसके बाद प्रदर्शनकारियों ने गणेश मंदिर चौराहे की ओर जाने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उनको रोका और हल्का बल प्रयोग करने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी पुलिस से आमने सामने हो गए। प्रदर्शनकारियों ने अतिथियों की गाड़ियों की तरफ बढ़ने की कोशिश की, जिनको रोकने के लिए पुलिस ने जी जान लगा दी। दूसरी ओर भीड के इधर उधर भागने के कारण अफरा तफरी का माहौल बन गया। कुछ लोगों ने पत्थर भी फेंक दिए, जिससे कुछ लोग चोटिल हुए। कांग्रेसियों ने शिलापट्ट तोड़ा, तो गणेश मंदिर के सामने स्थित शिलापट्ट को भी कुछ दूसरे लोगों ने तोड़ डाला। इस शिलापट्ट पर यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा का नाम अंकित था। इसी गेट से भाजपा के नेताओं का आना-जाना था। इसी बीच अतिथियों की गाडियों को थाने के सामने से पुलिस ने निकलवाया और स्थिति को नियंत्रण में किया। वहीं घटना के बाद भाजपा नेता जय श्री दाधीच ने कहा है कि कांग्रेस वाले सुजानगढ़ को बंगाल बनाना चाहते हैं और शांत सुजानगढ़ में यह निंदनीय घटना कांग्रेस ने कर दिखाई, जो काबिले बर्दाश्त नहीं है। वहीं भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने कहा कि भाजपा नेताओं पर हमला कतई स्वीकार नहीं है, जनता ऐसे लोगो को सबक सिखाएगी और हम जल्द ही मीटिंग करके सीएम से इस मामले को लेकर मिलेंगे। दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि अधूरे कार्य का उद्घाटन किया जा रहा है और स्थानीय विधायक की अनदेखी की गई है। वहीं विधायक हरलाल सहारण ने शिलापट्ट तोड़ने की घटना को लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए इसे ओछी हरकत करार दिया। मौके पर डीएसपी दरजाराम सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। गुरूवार को दिनभर इसी घटना की चर्चा लोगों के बीच चलती रही। इस मामले में जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने बताया कि दोनों पार्टियों को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास नहीं करना चाहिए। इस प्रकार की घटनाएं दुबारा न हों, इसके लिए दोनों पार्टियो को अपने अंदर झांककर चिंतन करने की जरूरत है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## दूकरं विद्यालय में विद्यार्थियों को निःशुल्क अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** दूकरं के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ के सौजन्य से कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क अभ्यास पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। इस दौरान कुल 100 विद्यार्थियों को 400 नोटबुक उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अम्बिका चौधरी ने विद्यालय परिवार की ओर से सुप्रीम फाउंडेशन के मुख्य समन्वयक श्यामबाबू शर्मा, कोऑर्डिनेटर दीपक कौशिक व योगेश कुमार सिंगोदिया का आभार व्यक्त किया।

## संगीतमय सुंदरकांड पाठ में उमड़ी श्रद्धा



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ढिगाल रोड़ स्थित भगवान नगर में गुरुवार शाम धार्मिक माहौल उस समय भक्तिमय हो उठा, जब श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल नरोत्तम चेजारा एण्ड पार्टी ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ का सुन्दर प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जितेंद्र शर्मा व मुरली शर्मा ने यजमान अमित सैनी से विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करवाकर बाबा की ज्योति प्रज्वलित कराई। इसके बाद हनुमान चालीसा और रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ शुरू हुआ, जिसमें कई विद्वानों ने मधुर स्वर में दोहे-चौपाइयों का गायन किया। श्रद्धालु भजनों पर भी भक्त झूम उठे। इस अवसर राजेश सैनी, सिकंदर सैनी, बलदेव सैनी, नरोत्तम सैनी, प्रमोद पूनिया, प्रणव ढाका, आनंद सैनी, सुशांत सैनी, कुरड़ाराम जाट सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। बाद में प्रसाद वितरण किया गया।

## भरत टोकसिया बने सैलून संघ के अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में सैन में सैलून संघ के चुनाव के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भरत टोकसिया को सर्व सहमति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सैन समाज के अध्यक्ष मानमल टोकसिया ने नवनियुक्त अध्यक्ष का स्वागत किया गया। बैठक में अध्यक्ष मानमल टोकसिया, चांद मल मारू, कोषाध्यक्ष लालचंद मारू, पारस लिलडिया, विकास मारू, छत्रसिंह टोकसिया, विकास मारू, विक्की, रामदेव लिलडिया, रामगोपाल लिलडिया, पूर्व अध्यक्ष गोपाल टोकसिया, अमरचंद टोकसिया, देवकरण फुलभाटी, महेन्द्र टोकसिया, विक्रम टोकसिया, विनोद टोकसिया, नंदलाल, एडवोकेट करणी मारू, एडवोकेट रोहित मारू,पवन लिलडिया, शुभम लिलडिया, डेडराज टोकसिया, कमल टोकसिया सहित सैलून बन्धू मौजूद रहे।

## मण्डावा में प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड नं.17 स्थित बाल भारती विद्या निकेतन मा. विद्यालय में गुरुवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राउमावि पातुसर के प्रधानाचार्य जीवनराम मीणा ने की। मुख्य अतिथि भाजपा नेता संदीप शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रतिभाएं किसी की मोहताज नहीं होती है वे अपने दम पर मुकाम हासिल करती है। विद्यालय के संसाधन भले ही कम हो लेकिन उनको तराशने वाले सही है तो बच्चे सही दिशा में आगे बढ़ेंगे। स्कूल निदेशक राजेन्द्र सनोदिया ने मेहमानों का स्वागत करते हुए स्कूल की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। अतिथियों ने सभी प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर व माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान अभिभावकों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रंबध समिति के चीफ मांगेराम दहिया, हरिराम दादरवाल, सज्जनलाल सैनी, नारायण प्रसाद मारवाल, राकेश सनोदिया, अनिल चौधरी, त्रिपुरारी जोशी ,राजेन्द्र आर्य, निलेश सनोदिया, पल्लवी मिश्रा, उमा पाराशर, नेहा सनोदिया, उषा सैनी, जमुना देवी प्रजापत, कमलेश मारवाल, रामकुमार चावला, पवन कुमार घासोलिया, राकेश मीणा, अशोक साल्वी, पायल छापोला, महेंद्र कुमावत, निशा सैनी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अंत में अध्यापक प्रमोद कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सम्राट चौधरी के बिहार के मुख्यमंत्री बनने पर चिड़ावा में जश्न

### राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया के करीबी है बिहार के नए सीएम

जयपुर टाइम्स



**चिड़ावा/झुंझुनूं(निस)।** सम्राट चौधरी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाए जाने की घोषणा के बाद झुंझुनूं जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर झुंझुनूं जिले के चिड़ावा कस्बे के कबूतरखाना बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मावंडिया ने किया। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी जताई और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान 'सम्राट चौधरी जिंदाबाद' के नारे भी लगाए गए। पवन मावंडिया ने कहा कि सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह आया है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में बिहार विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। बताया जाता है कि सम्राट चौधरी और पवन मावंडिया के बीच लंबे समय से नजदीकी संबंध रहे हैं। इसी कारण झुंझुनूं जिले से भी उनका विशेष जुड़ाव माना जाता है। सम्राट चौधरी के नाम की घोषणा के बाद जिलेभर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की और इसे संगठन के लिए गौरव का क्षण बताया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अमर सिंह तंवर, पूर्व मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश पाटन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुभाष स्वामी, पूर्व जिला मंत्री सुरेश जलिंद्रा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नंदलाल सैनी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, भाजपा नेता डॉ. शंभू पंवार, पूर्व मंडल महामंत्री राकेश सर्राफ, मदन डारा, युवा मोर्चा के शहर अध्यक्ष अशोक शर्मा, डॉ. नरेंद्र कुमार अडूका, असलम रंगरेज, राजू मराठा, मोहित तामड़ायत, सुभाष मावंडिया, सुशील डाबला, पार्षद गंगाधर सैनी, तेजसिंह चौहान, संटी चौहान, अनिल टेलर, राजू सैनी, मनीष थालौर, सुनिल छिपी, मनोज महरिया, पार्षद मनजीत, पवन महरानिया, अंकित वर्मा, मुंशी सिंह, धीरज पांडे, महावीर सिंह शेखावत, आरजू यादव, राहुल, अर्जुन नायक, रोहित चंदेलिया, तरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### एक और बड़ा नाम आया सामने:

पवन मावंडिया झुंझुनूं जिले के एकमात्र ऐसे भाजपा नेता है। जिन्हें भजनलाल सरकार ने प्रदेश स्तरीय बड़ी जिम्मेदारी संवैधानिक रूप से दी हुई है। सीएम भजनलाल शर्मा से पवन मावंडिया की नजदीकियां जगजाहिर है। इसके अलावा हरियाणा के सीएम नवाब सैनी तथा यूपी के डिप्टी सीएम केशवप्रसाद मौर्य भी मावंडिया के करीबियों में है। लेकिन अब बड़े नामों बिहार के नए सीएम सम्राट चौधरी भी सामने आए है। जिनसे पवन मावंडिया की बेहद नजदीकियां है। लगातार बड़े नामों के साथ नजदीकियों के चलते राजनैतिक गलियारों में अब मावंडिया की बढती पॉलिटिकल पॉवर की खासी चर्चा है।

## एसडीआरएफ की टीम ने कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों को दी आवश्यक जानकारी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के पुलिस थाने में राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई और डीएसपी कुलदीप वालिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के बच्चें सरदारशहर पुलिस थाने पहुंचे और पुलिस थाने का भ्रमण किया। इसके बाद थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों और कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों को राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पुलिस लगातार अपराधों में कमी लाने की कोशिश कर रही है। इस अवसर पर थाना अधिकारी ने सभी विद्यार्थियों को कानून से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दी। बीकानेर से आई एसडीआरएफ की टीम ने आपातकालीन परिस्थितियों में किस तरह से बचाव किया जा सकता है या फिर किस तरह से दूसरों की मदद की जा सकती है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गहरे पानी में जाने से पहले क्या कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए या फिर डूबते हुए आदमी को किस प्रकार से सावधानी पूर्वक बचाया जा सकता है। इसी प्रकार उन्होंने बताया कि कभी भी अगर किसी व्यक्ति को चोट लग जाती है तो ऐसी स्थिति में क्या करना चाहिए। इसी प्रकार वर्तमान में बढ़ रही हार्ट अटैक की घटनाओं को लेकर बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई। एसडीआरएफ की टीम ने बच्चों को डमी के माध्यम से बताया कि किस तरह से हार्ट अटैक आए हुए व्यक्ति को सीपीआर देकर उसको बचाया जा सकता है। इसी प्रकार एसडीआरएफ की टीम ने सिलेंडर से होने वाली आगजनी की घटनाओं से किस प्रकार से काबू पाया जा सकता है। इसको लेकर भी विस्तार से जानकारी दी और सिलेंडर में आग लगाकर और उसे बुझाकर बच्चों को दिखाया गया। इस अवसर पर डीएसपी कुलदीप वालिया ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए राजस्थान पुलिस की स्थापना दिवस पर दी गई। इस विशेष जानकारी को दूसरों तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर इस प्रकार की जानकारी हमें होती है तो हम समय पर कई लोगों की जान और माल की सुरक्षा कर सकते हैं। इस अवसर पर पुलिस थाना के साइबर सेल अधिकारी रामचंद्र सिहाग ने वर्तमान में बढ़ रही साइबर क्राइम की घटनाओं और उनसे किस प्रकार से बचा जा सकता है इस पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने बताया कि राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस पर हमने पुलिस थाने का भ्रमण किया है और हमें आपातकालीन स्थितियों में किस प्रकार से खुद को बचाया जा सकता है या फिर हम मदद कर सकते हैं। इस बात की विस्तार से जानकारी प्राप्त हुई है।

## रक्तदान शिविर आज

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय लॉयन्स चेरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक परिसर में शुक्रवार को चूरू के पूर्व जिला प्रमुख रामदेव ढाका की दसवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित होगा। शिविर संयोजक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि रामदेव ढाका स्मृति प्रन्यास के तत्वावधान में राष्ट्रीय जाट महासभा और बाल भारती इंटरनल सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्घाटन सहकारी प्रबंध संस्थान, जयपुर के निदेशक डॉ. किशोर कुमार करेंगे।

## आयुक्त नहीं होने से जनता परेशान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ नगर परिषद में आयुक्त नहीं होने के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के काम नहीं होने के कारण उनमें गुस्सा है। मामले को लेकर स्थानीय निवासी बसंत बोरड़ ने बताया कि उनके एक रिश्तेदार तरुण सेठिया का पट्टा ढाई साल से पेंडिंग चल रहा है। इस पट्टे की फाइल 2024 में जमा करवाई गई थी। जिसके बाद यह दो साल तक इधर से उधर घूमती रही। 5 फरवरी 2026 को नियमन शुल्क के रूप में एक लाख 46 हजार 68 रुपए जमा कर दिए थे। लेकिन आज भी यह फाइल पेंडिंग पड़ी है। मामले को लेकर एक अप्रैल को बसंत के पिता विजय सिंह बोरड़ ने एसडीएम को ज्ञापन देकर पट्टा जारी करवाने का निवेदन भी किया था। बोरड़ ने कहा कि आयुक्त नहीं होने के कारण उन्हें यह परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारी नहीं होने के कारण कर्मचारी भी अपनी सीटों पर नजर नहीं आते। बोरड़ ने कहा कि अगर उनका पट्टा जल्दी जारी नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरन जयपुर जाकर डीएलबी के अधिकारियों को मामले से अवगत करवाना पड़ेगा।


### कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

Email-msdbhchuru@gmail.com Phone: 01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2026/115 दिनांकः- 13.4.2026

**-: ई - निविदा / निविदा आमंत्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मों/डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिस्टोस्कॉप के कंज्युमेबल आईट एव दैनिक उपयोग हेतु सामग्री / उपकरण क्रय हेतु | 10.25 लाख | 24-04-2026 | MHS2526GLOB00160 |

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

DIPR/C/6904/2026

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)

क्रमांकः 05-15 दिनांक :- 01.04.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या : 01/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील राजगढ जिला चूरू में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्लयू.ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr. rajasthan. gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट htt//eproc. rajasthan. gov.in http//www. pwd.rajajasthan.gov.in http// sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. PWD2627A0044

| W.No. | UBN No. | W.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2627WSOB00184 | 2 | PWD2627WSOB00185 |
| 3 | PWD2627WSOB00186 | 4 | PWD2627WSOB00187 |
| 5 | PWD2627WSOB00188 | | |

DIPR/C/6898/2026

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि खण्ड राजगढ (चूरू)

राजस्थान सरकार
### कार्यालय, सचिव आईएमसी ऑफ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चूरू

दूरभाष 01562-253280 E-mail address- iti churu@yahoo.co.in

क्रमांक- औपस/निविदा/आईएमसी / चूरू /2026/858 दिनांकः- 10-4-20

**प्रकाशन का विवरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के आई. एम. सी. योजनान्तर्गत मैकेनिक डीजल व्यवसाय हेतु उपकरण के लिए मोहरबंद निविदा (NIB NO. TET 2627 A 0006 and BID NO.TET 2627 GSOB 00006 आमंत्रित की जाती है । निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि 04.05.2026 है तथा निविदा एवं अन्य शर्तें sppp web portal पर डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती हे

सचिव
आईएमसी ऑफ आई.टी.आई. चूरू

DIPR/C/6840/2026

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर, (चुरू)

क्रमांक : /न.पा.ता./ 2026-27/02 दिनाक :- 15/04/26

**निविदा सूचना / 2026-27**

सर्व साधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मों की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगरपालिका क्षेत्र में विभिन्न कार्य हेतु मोहरबन्द लिफाफे में निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रति दिनांक 24.04.2026 तक समय सांय 2.00 तक विक्रय की जाकर उसी दिन दोपहर 4.00 बजे तक जमा ली जाकर उसी दिन सांय 5.00 बजे उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष खोली जायेगी। निविदा शर्ते कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है। अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में विक्रय / खोली जावेगी। बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष / अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका तारानगर को होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी ।

| क्र.सं. | नाम सामग्री | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शौचालय निर्माण श्रदादास जी की बगीची वार्ड नं.35 तारानगर | 4.99 | 2495 | 500 | 30 Day |

शर्ते :-
1. संविदादाता की स्वयं की जिम्मेदारी होगी कि वह सम्बन्धित विभागो के आवश्यक रजिस्ट्रेशन प्राप्त कर लेवें ।
2. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 की पालना करनी होगी।
3. कार्य शुरू करने से पूर्व एवं पूर्ण होने के पश्चात की फोटो उपलब्ध कराने पर ही भूगतान देय होगा ।
4. संवेदक को कार्यादेश में अंकित तिथि के अनुसार ही कार्य प्रारम्भ व पूर्ण करना होगा । विलम्ब होने पर संवेदक स्वयं जिम्मेवार होगा।
5. नगरपालिका की शर्तो के अनुमानित लागत के नियमानुसार शुल्क के स्टाम्प पर अनुबन्ध सम्पादित करना होगा ।
6. निविदा की समस्त शर्ते मान्य होगी तथा संवेदक की सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
7. कार्य के दौरान समस्त संसाधन संवेदक के द्वारा उपलब्ध कराते हुवे कार्य करना होगा। किसी भी घटना की जिम्मेवारी संवेदक की होगी तथा कार्य करने के दौरान आमजन को परेशानी नही होनी चाहिए।
8. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने व बिना कारण बताऐ निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगे । अवकाश की स्थिति में निविदा का कार्य दिवस अगला दिवस होगा।
9. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 की धारा 42 (2) के अनुसार बोली लगाने वाले संवेदक के ध्यान में रखने योग्य है।
10. रख रखाव की गांरटी 12 माह की रहेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर

### कार्यालय ग्राम पंचायत कातर छोटी
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं कातर छोटी /2026-27/09-13 दिनांक : 08.04.2026

**निविदा सूचना संख्या 01/2026-27**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | फेलियर ट्यूबबेल के स्थान पर नया ट्यूबवेल निर्माण कार्य कातर बडी ग्राम पंचायत कातर छोटी | 1000000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 08.04.2026प्रात 10.00 बजे से 20.04.2026दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 20.04.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 20.04.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबंधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp. rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2627A0034 UBN No. ZCR2627WSOB00044 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत कातर छोटी
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कातर छोटी
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

### Office Gram Panchayat Theekariya, Panchayat Samiti Neem Ka Thana (Sikar)

File No: ग्रा.प.ठी/2026-27/11 Date :16/04/2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for VB GRAMG (MGNAREGA) and Other Scheme Rate Contract for Supply of Construction Material and Providing Equipment for F.Y 2026-27 Gram Panchayat Theekariya, Panchayat Samiti Neem Ka Thana of subject matter's of Procurement are invited from intersted bidders upto 17.04.2026, 09:00 AM to 27.04.2026, 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https:// eproc. rajasthan.gov.in) or (http://sppp.raj.nic.in) of the state and Panchayati Raj departmental website. The approximate value of the procurement is RS - 50,00,000/-

UBN No. - PIQ2627GLRC00026.

प्रशासक
ग्राम पंचायत ठीकरिया
प.स. नीमकाथाना सीकर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत ठीकरिया
प.स. नीमकाथाना सीकर

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शुक्रवार
17 अप्रेल, 2026

# काटली नदी के दोनों तटों पर पौधरोपण से हरित पट्टिका बनाने की माँग

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** शेखावाटी की जल जीवन रेखा काटली नदी के दोनों तटों पर पौधरोपण कर हरित पट्टिका लगाने व सहायक नदी नालों व जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करवाने, उद्गम स्थल पर बने बाँध, एनीकट के साथ साथ नदी क्षेत्र के जोधपुरा सुनारी, मैनपुरा हीरवाना व बगड़ के पास जल सोखता बाँध बनाकर इनमें सिंधु जल प्रवाहित करने की माँग की गई।

सरस्वती रूरल एन्ड अरबन डवलपमेंट सोसायटी झुंझुनू की ओर से जारी काटली नदी बचाओ जन अभियान की ओर से गुरुवार को झुंझुनूं जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग को प्रस्तुत कर काटली नदी को पुनर्जीवित करने की विस्तृत योजना प्रस्तुत की। अभियान संयोजक सुभाष कश्यप के साथ समाजीक कार्यकर्ता महेश बसावतिया, एडवोकेट महेंद्र कुमार, सतीश मिश्रा छापोली, धर्मपाल यादव मंडावरा, दीपक मीणा बाघोली, मदन खैरवा धोलाखेड़ा, धन सिंह कश्यप कीरपुरा, मोहर सिंह ककराना, झुंझुनूं बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट विजय सिंह ओला, केसर देव कुमावत धोलाखेड़ा, शिक्षाविद सुरेश दड़िया, एडवोकेट कैलाश जांगिड़ झुंझुनूं, एडवोकेट आलोक शर्मा ककराना, एडवोकेट बाबूलाल सैनी बसावा, डॉ. सुमन शर्मा एडवोकेट राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर, एडवोकेट हेम सिंह राठौड़ जयपुर, एडवोकेट राजकुमार जयपुर, एडवोकेट संदीप सैनी, डॉ. राजकुमार झुंझुनूं, महेंद्र सिंह सैनी पकोड़ी ढाणी बुडाना, केड शक्ति धाम अध्यक्ष राजकुमार केडिया सहित कई विशिष्ट व्यक्तियों के हस्ताक्षर के साथ कलेक्टर के नाम व मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के जरिये दो अलग अलग ज्ञापन प्रस्तुत किए गए। प्रस्तुत ज्ञापन में काटली उद्गम स्थल के नदी नालों व जल स्रोतों रक्षा के साथ साथ काटली को भविष्य में अतिक्रमण से बचाने व पर्यावरण संतुलन हेतु इसका सीमांकन कर दोनों ओर लम्बी आयु व स्थानीय जलवायु को सहन करने वाले वृक्ष लगा कर हरित पट्टिका बनाने की मांग की गई।।मुख्यमंत्री के नाम प्रस्तुत ज्ञापन में काटली नदी के अतीत व वर्तमान की जानकारी के साथ पुनर्जीवित करने की योजना व स्थानीय आबादी को मिलने वाले लाभ के वर्णन के साथ माँग पत्र प्रस्तुत किया गया। जिला कलेक्टर ने नदी एक्टिविस्टों की बात को ध्यान से सुनकर उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया सयोंजक सुभाष कश्यप के अनुसार काटली को पुनर्जीवित करने हेतु सीकर, झुंझुनूं व चूरु जिला कलेक्टरों के साथ साथ शेखावाटी के तीनों सांसद बिजेंद्र ओला, राहुल कस्वां ओर अमराराम को भी जल्दी ही प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिए जाएंगे।

## बाल विवाह निषेध की स्कूली छात्राओं को दी जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पीएम श्री राजकीय कनोई बालिका उच्च मा विद्यालय में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के निर्देशानुसार पीएलवी विजय पाल श्योराण की ओर से संस्था के सहयोग से बाल विवाह निषेध विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हीरालाल गोदारा ने कहा कि यह विधिक जागरूकता की सफलता है कि खुद बेटियां बाल विवाह नहीं करने के लिए खुल कर आगे आने लगी हैं। आखा तीज पर काफी विवाह होते हैं, तो हम सबको ध्यान रखना है कि बाल विवाह ना हों। पेरा लीगल वॉलंटियर विजय पाल श्योराण ने बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देते हुए कहा कि यदि 18 साल से छोटी उम्र की लड़की का विवाह होता है या 21 साल से छोटे उम्र के लड़के का विवाह होता है, तो वह दंडनीय अपराध है। विवाह कराने वाले दोनों पक्ष के बाल विवाह में शामिल लोग दंड के भागी होते हैं। अधिकार मित्र विजयपाल ने चेताया कि किसी भी रूप में बाल विवाह आयोजन में सहभागी नहीं बनें। प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह ने कहा कि बाल विवाह की कुरीति दूर करने के लिए हम सब विधिक रूप से जागरूक हों, ताकि समाज सही दिशा में आगे बढे।

## नर्डिया मोहल्ला मुस्लिम पंचायत भवन में लगा वाटर कूलर, मोहता परिवार की शीतल जल योजना जारी



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निस)।** तहसील के नर्डिया मोहल्ला स्थित मुस्लिम पंचायत भवन में भामाशाह व समाजसेवी श्री वर्धन मोहता के सौजन्य से कमला देवी मोहता शीतल जल योजना' के अंतर्गत वाटर कूलर स्थापित किया गया। इस वाटर कूलर का उद्घाटन मोहता ग्रुप के सीईओ डॉ. प्रताप सिंह राठौड़, मंगतु राम मोहता व एडवोकेट गायत्री पूनिया ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान मोहता स्कूल के प्रिंसिपल मनीष शर्मा, मोहता हवेली के लेखाकार मनीष अनूप शर्मा, अदरीश गहलोत, मोहम्मद ताहिर, सज्जन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। मोहता के निजी सचिव मनीष डोरवाल ने बताया कि मोहता की ओर से इस गर्मी के सीजन में यह दूसरा वाटर कूलर स्थापित किया गया है। अब तक राजगढ़ तहसील क्षेत्र में कुल 31 वाटर कूलर लगाए जा चुके हैं, जिससे आमजन को भीषण गर्मी में ठंडे पानी की सुविधा मिल रही है। कार्यक्रम में एडवोकेट गायत्री पूनिया ने बताया कि शहर में अनगिनत सेवा के कार्य मोहता ट्रस्ट की ओर से किए जा रहे हैं जिसमें महिलाओं को सशक्त करने व गरीबों की मदद अन्य शामिल है।

## निजी शिक्षण संस्था प्रधानों की बैठक आयोजित



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के पंचायत समिति सभागार में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को समग्र शिक्षा के अंतर्गत निजी शिक्षण संस्थानों के समस्त संस्था प्रधानों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आरपी रामनिवास तेतरवाल ने कार्यक्रम का संचालन किया। बैठक में नवीन शैक्षिक सत्र के सुचारू संचालन, विभागीय निर्देशों की प्रभावी पालना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से बाल वाहिनी (स्कूल परिवहन) के सुरक्षित संचालन, विद्यालय भवन की सुरक्षा व आपदा प्रबंधन, नामांकन वृद्धि, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त आरटीई व अन्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पालनहार योजना व लाडो योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित करने, यूडीआईएसई पोर्टल पर समयबद्ध व शुद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित करने तथा अभिभावक-शिक्षक संवाद को सुदृढ़ करने पर भी विशेष चर्चा की गई। सीबीईओ बबलेश शर्मा ने सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित किया कि वे विभागीय नियमों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करते हुए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएं और नवाचार गतिविधियों को बढ़ावा दें। इस मौके पर एसीबीईओ प्रथम संजय शर्मा, एसीबीईओ द्वितीय भागचंद, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष रणधीर सिंह ढाका सहित ब्लॉक के सभी निजी विद्यालयों के संस्था प्रधान बैठक में उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगरपालिका रतननगर (चूरू)**

फोन नं– 01562.294114 ईमेल:– mun_rnagar@yahoo.in

क्रमांक : 102 दिनांक : 10.04.2026

-: कार्यालय आदेश :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 4347–48 दिनांक 19.03.2026 के द्वारा कचरा संग्रहण हेतु ट्रेक्टर मय ट्रॉली ड्राईवर एवं रख–रखाव सहित दर अनुबंध का कार्य जोन नं. 01 (वार्ड नं. 01 से 10) व जोन नं. 02 (वार्ड नं. 11 से 20) कार्य की जारी ई–निविदा सूचना सं. 07 (2025–26) अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रतननगर(चूरू)

राज.संवाद/सी/26/918

## आंगनबाड़ी केंद्र में मासिक अभिभावक बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे के वार्ड नंबर 21 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार को मासिक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भामाशाह संदीप सुथार ने की। बैठक के दौरान बेगराज भंवरलाल चौरडिया ट्रस्ट के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्र को पांच प्लास्टिक कुर्सियां भेंट की गईं। वहीं 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के शाला पूर्व शिक्षा प्राप्त कर रहे पंजीकृत बच्चों को स्कूल बैग एवं बिस्कुट पैकेट वितरित किए गए। महिला सुपरवाइजर अनिला शर्मा ने उपस्थित अभिभावकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए गोद भराई, अन्नप्राशन, सुपोषण दिवस, जन स्वास्थ्य संदेश दिवस, आठवां पोषण पखवाड़ा, न्यूट्री किट योजना व उड़ान योजना के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रथम प्रसव व दूसरी बालिका पर मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। कार्यकर्ता इंदु बाला शर्मा ने ईसीसीई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक बच्चों को आंगनबाड़ी से जोड़ने का आह्वान किया, ताकि उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक में बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच की जानकारी भी साझा की गई। भामाशाह संदीप सुथार ने आंगनबाड़ी केंद्र की चारदीवारी पर बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक चित्रकारी करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सहायिका विमला देवी, आमना बानो, निर्मला देवी, राजू देवी, अनीता, शारदा सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

## बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल ने लहराया परचम

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय मेगा हाईवे स्थित बाल भारती इंटरनेशनल ने सीबीएसई में कक्षा 10 में शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर एक बार फिर सिद्ध किया कि उनकी प्रतिभाएं बेस्ट हैं। सीबीएसई कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में बाल-भारती इंटरनेशनल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। माही अग्रवाल 96.2 प्रतिशत के साथ प्रथम रही। हिमानी संतोभा ने 95.4, राहुल डूडी ने 92.2 प्रतिशत, प्रत्युशी जैन 89.4, दक्षिता कंवर राठौड ने 88.2 प्रतिशत, कार्तिक ने 87.6, यश जैन ने 87.6, परिधी सेठी ने 87, शोर्या प्रताप ने 86.8, अर्पिता मारू में 84.4. योगिता शर्मा ने 84.2, तेजस्वी सोनी ने 84, नीरल गोदारा में 82.4, दर्शन जैन 81.6, सोनम प्रजापत ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। विद्यालय संरक्षक लक्ष्मण राम खिलेरी तथा विद्यालय परिवार ने छात्र- छात्राओं को सफलता के लिए बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## *जनसुनवाई में कलक्टर श्रीनिधि बीटी सख्त, बोले: शिकायतों का तुरंत और प्राथमिकता से करें निस्तारण*



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला मुख्यालय पर आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने अधिकारियों को आमजन की शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सख्त निर्देश दिए। डीओआईटी के वीसी कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों की नियमित मॉनिटरिंग और समयबद्ध फॉलोअप सुनिश्चित करने को कहा।

कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण कर समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि परिवादियों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि शिकायतों के निस्तारण के बाद संबंधित व्यक्ति को सूचना देना भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई में खातेदारी जमाबंदी में नाम शुद्धिकरण, रास्तों व भूमि से अतिक्रमण हटाने, अवैध कब्जे हटवाने, पीएम सम्मान निधि की किस्त दिलवाने सहित विभिन्न राजस्व एवं अन्य विभागों से जुड़े प्रकरण सामने आए, जिन पर कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर राहत प्रदान की गई। वार्ड 22 राजाखेड़ा निवासी रंजीत सिंह के रास्ते से अतिक्रमण हटाने के प्रकरण पर तहसीलदार राजाखेड़ा को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं अमृतलाल पुत्र लाचारीलाल के जमाबंदी नाम शुद्धिकरण के मामले में तहसीलदार बाड़ी को आवश्यक निर्देश दिए गए। मनीराम पुत्र मटरेराम की पेंशन में त्रुटि सुधार का मामला मौके पर ही निस्तारित किया गया।

इसी तरह करुआ पुत्र श्यामालाल के पीएम सम्मान निधि की बकाया किस्तों तथा वंदना पत्नी भागीरथ के डिलीट राशन कार्ड को पुनः चालू कराने के मामलों में भी मौके पर ही कार्रवाई कर राहत दी गई। जिला जन अभाव अभियोग सतर्कता समिति के 6 प्रकरणों में से 2 का निस्तारण भी किया गया। जनसुनवाई में उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलक्टर श्रीनिधि बीटी की सख्ती और सक्रियता से जनसुनवाई में आमजन को त्वरित राहत मिलती नजर आई।

## पेयजल संकट के समाधान की मांग

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में काफी दिनों से चल रही पेयजल की किल्लत को लेकर आज भाजपा प्रतिनिधि मण्डल पूर्व चेयरमैन गोपाल मारू के नेतृत्व में जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अधीक्षण अभियंता से फोन पर वार्ता कर पेयजल व्यवस्था सुचारू करने की मांग की। प्रतिनिधि मण्डल ने अधिक्षण अभियंता के नाम पत्र लिखकर पानी के टेंकर सप्लाई शुरू करने की मांग की। पूर्व चेयरमैन गोपाल मारू ने बताया कि कस्बे में काफी दिनों से पेयजल की किल्लत आ रही है। जिसकी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। साथ ही गर्मी के ऋतु आने के साथ पर्याप्त मात्रा में सप्लाई नहीं होने से आमजन काफी परेशानी हो रही है। जिसके लिए टैंकर की व्यवस्था को लेकर पत्र दिया है। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो विभागीय मंत्री को भी अवगत करवाया जाएगा। आमजन को पर्याप्त मात्रा में पेयजल मिले उसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उनके साथ खेमराज पारीक, किशोरी लाल प्रजापत,धनपत शर्मा, राम धेतरवाल, पवन माली सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कचरा पात्र में कचरा डालकर लगाई जा रही है आग

### हर दिन फैल रहा है प्रदूषण, जिम्मेदार मौन, विद्यार्थी परेशान

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** नगरपालिका की ओर से कचरा संग्रहण करने वाले पात्रों में दुकानदारों की ओर से कचरा जलाकर जहां प्रदूषण फैलाया जा रहा है, तो वहीं सरकारी संपत्ति को नुकसान भी पहुंच रहा है। लेकिन इन सबके बावजूद नगरपालिका आंख मूंदकर बैठी है। दिए तले अंधेरे वाली कहावत तो सभी ने सुनी होगी, लेकिन यह कहावत नगरपालिका पर चरितार्थ भी हो रही है। नगरपालिका के पास पोस्ट ऑफिस रोड पर कचरा संग्रहण के लिए रखे पात्र में अज्ञात ने गन्ने के छिलके डालकर उसमें आग लगा दी, जिससे उक्त कचरे का धुआं आसपास के वातावरण में फैल गया। इस स्थान पर रघुनाथ स्कूल व श्रीगांधी बाल निकेतन जैसी दो बड़ी शिक्षण संस्थाएं है। सुबह के समय कचरा जलता है, उसी दौरान स्कूल में विद्यार्थियों का आना होता है। ऐसे में इस गन्दगी के जलने से फैला धुआं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर डाल रहा है और जिम्मेदार मौन है। पूर्व पार्षद अमरचंद सैनी ने बताया कि यह समस्या एक दिन की नहीं है, यहां पर प्रतिदिन कचरे को जलाया जाता है। कचरा पात्र में आग जलने से उसे भी नुकसान पहुंच रहा है, जो सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की श्रेणी में आता है। लेकिन पालिका द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि शहर में इस तरह से कचरे का निस्तारण कई जगहों पर किया जा रहा है।

## जल संरक्षण के प्रति महिलाओं को किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशानुसार मानजी माली का कुआं क्षेत्र में जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई के बाबूलाल ने बताया की जल है तो कल है, बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है, जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है तथा महिलाओं को बताया कि जल संरक्षण हमारा दायित्व ही नहीं कर्तव्य भी है। पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करे। आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें, पानी की एक एक बून्द बचाएं, आज की बचत कल का भविष्य है व कहा की आप इसमें सहयोग करें और अपने परिवार वालों से भी सहयोग के बारे में कहे। कार्यक्रम में पानी के सरंक्षण पर बोलते हुए बताया की हमें फर्श को पाइप से धोने की बजाय पोछे से साफ करे, घर में पानी के लीकेज को समय पर ठीक कराये। इस प्रकार की छोटी छोटी आदतों से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है। जो आज की बचत और कल का भविष्य है और इसमें हम सब अपना अहम रोल निभा सकते है। इसलिए अब समय आ गया है जब आमजन को आगे आकर पानी को बचाने के उपाय करने होंगे। जिससे कि जल संरक्षण के प्रति आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। जागरूकता कार्यक्रम में पवन सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

## उर्वरक वितरण में असामान्य बढ़ोतरी पर सख्ती, 14 डीलर्स को थमाए नोटिस, एक का लाइसेंस निलंबित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में उर्वरक वितरण में असामान्य बढ़ोतरी को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों द्वारा सख्त कदम उठाए हैं। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) प्रभु दयाल शर्मा ने बताया कि 1 से 10 अप्रैल 2026 के बीच उर्वरक विक्रेताओं द्वारा 356 मीट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया, जो गत वर्ष की तुलना में लगभग 200 मीट्रिक टन अधिक पाया गया है।

उन्होंने बताया कि इस स्थिति को देखते हुए 29 मार्च से 15 अप्रैल तक जिलेभर में उर्वरक विक्रेताओं का सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान फील्ड स्टाफ के माध्यम से पीओएस मशीनों का सत्यापन कराया गया तथा आईएफएमएस पोर्टल से बिक्री एवं स्टॉक के आंकड़ों का मिलान किया गया।

उन्होंने बताया कि जांच में अनियमितताएं सामने आने पर 14 उर्वरक डीलर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि एक डीलर का अनुज्ञा पत्र (लाइसेंस) निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गहन जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों को समय पर और निर्धारित दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उर्वरक वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, कालाबाजारी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए आगे भी सतत निगरानी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय युवा संबल मेला 21 को

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से दिए निर्देशानुसार प्रत्येक जिला मुख्यालय पर युवा संबल मेले का आयोजन किया जाना है। जिसके अन्तर्गत स्व-रोजगार, निजी रोजगार और प्रशिक्षुता के अवसरों के समन्वय में राजस्थान सरकार के प्रयासों को एकीकृत और व्यवस्थित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि सरकार का यह प्रयास रोजगार दिवस, रोजगार मेला और प्रशिक्षुता मेले को एक साथ लाता है जिसे एमएसएमई एवं रोजगार विभाग द्वारा समन्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में जिला मुख्यालय पर 21 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक मेला ग्राउंड नगर परिषद मचकुण्ड रोड धौलपुर में युवा संबल मेले का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में धौलपुर, नीमराणा, भिवाड़ी, कोटा, टपुकड़ा, खुशखेड़ा, शाहजहॉपुर, अलवर, गुड़गॉव, नोएडा, चेन्नई आदि जगहों से लगभग 25 कंपनियों लार्सन एण्ड टर्बो, जी4एस सिक्योर सोल्यूशन, पुखराज हेल्थ केयर, आमधाने प्रा. लि., गुडविल इण्डिया आदि के प्रतिनिधियों की ओर से अलग-अलग सेक्टर के लिए लगभग 1500 रिक्तियों पर मेले में आने वाले पात्र बेरोजगार आशार्थियों का संस्थान के नियमानुसार चयन कर रोजगार प्रदान करने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में आने वाले बेरोजगार आशार्थी व कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर जिला प्रशासन व रोजगार कार्यालय सभी बेरोजगार आशार्थियों को पात्रता के आधार पर रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए तत्पर है। बेरोजगार आशार्थी अपना पंजीयन क्यूआर कोड के माध्यम से भी कर सकते है।